◆ गोधूलिःअन्यगोधूलिकसमयभेद विषयेऽपि – द्वित्रिलाभ्गतश्चन्द्रो गोधूलिः शस्यते बुधैः। शेषा धूलिमुखाः स्मृताः। एवं सूर्यास्तकालीन लग्नवेलायां २–३–११ भावस्थे चन्द्रः गोधूलिः तथा लग्नात् ४–५–९–१०–१२ भवनस्थे चन्द्रे अन्यगोधूलि कालः। अर्थात् गोधूलिकाल में समयभेद नहीं अपितु चन्द्रस्थितिवश नामान्तर संज्ञा भेदमात्र ही है। तथा च विशेष वचन सूत्र – गुरू शन्यो र्दिने गोधूलिकालः – अस्तंयाति गुरूदिवसे–शनौसाऽर्के अर्थात् गुरूवार को रवि अस्त होने पर तथा शनिवार को सूर्य साक्षी में गोधूलि। तथा १ नाड़ी अर्थात् १ घटी = २४ मिनिट मात्र सूर्यास्त समय पूर्वाऽपर में पाणिग्रहण हो जाना चाहिये एवं विवाह विषयक अन्य उपकरण समय पूर्व–पश्चात् साधना योग्य।

◆ गोधूलिवेलायमपि निषेध वचन सूत्रम – कुलिक, क्रान्तिसाम्य, लग्नतः १–६–८ भावीय चन्द्र तथा मंगल लग्न में या ७–८ भाव स्थान में हो तो गोधूलि लग्न भी मान्य नहीं होगा। केचित्तु षष्टेऽष्टमे बुधगुरूशुक्र भौमानां स्थित्या गोधूलिकं वर्जयंति – किन्तु तन्न सर्वसम्मतमतः शिष्टैर्नस्वीकृतं – भौमाष्टम दोषस्तु सर्वदा वर्ज्यः।

# संवत् २०८१ साक्षेप
# ● दोषयुक्त ●
# विवाह मुहूर्त

### ● चैत्र शुक्ल पक्षे ●

११ शुक्रे मघायां ता. १९.४.२४ भद्रा, लग्नाऽभावः
१२ शनौ उफायां ता. २०.४.२४ बुध, शुक्र, राहु वेधः
१३ सूर्ये उफायां ता. २१.४.२४ बुध, शुक्र, राहु वेधः
१४ चन्द्रे चित्रायां ता. २२.४.२४ पापग्रह शनि वेधः, भद्रा
१५ भौमे चित्रायां ता. २३.४.२४ पापग्रह शनि वेधः, भद्रा

### ● वैशाख कृष्ण पक्षे ●

१ बुधे स्वात्यां ता. २४.४.२४ मृत्यु पंचकः
तदग्रे शुक्रास्तः

### ● आषाढ शुक्ल पक्षे ●

४ बुधे मघायां ता. १०.७.२४ व्यतिपातः, भद्राः
६ शुक्रे उफायां ता. १२.७.२४ परिघार्थः
६ शुक्रे हस्ते ता. १२.७.२४ परिघार्थः लग्नाऽभावः
७ शनौ हस्ते ता. १३.७.२४ लग्नाऽभावः, भद्रा
७ शनौ चित्रायां ता. १३.७.२४ भद्रा, पापग्रह शनि वेधः
८ सूर्ये चित्रायां ता. १४.७.२४ पापग्रह शनि वेधः, मृत्यु पंचकः
८ सूर्ये स्वात्यां ता. १४.७.२४ मृत्यु पंचकः
९ चन्द्रे स्वात्यां ता. १५.७.२४ मासांतः
तदग्रे देवशयन कालांशः

### ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्षे ●

१ शनौ रोहिण्यां ता. १६.११.२४ संक्रान्तिः
२ सूर्ये रोहिणी/मृगशिरायां ता. १७.११.२४ मृत्युपंचकः
३ चन्द्रे मृगशिरायां ता. १८.११.२४ भद्रा, लग्नाऽभावः
८ शनौ मघायां ता. २३.११.२४ लग्नाऽभावः, वैधृतिः
९ सूर्ये उफायां ता. २४.११.२४ लग्नाऽभावः, अल्परेखा ५
१० चन्द्रे उफायां ता. २५.११.२४ लग्नाऽभावः, भद्रा
१० चन्द्रे हस्ते ता. २५.११.२४ पापग्रह राहु वेधः
११ भौमे हस्ते ता. २६.११.२४ पापग्रह राहु वेधः, मृत्यु पंचकः
११ भौमे चित्रायां ता. २६.११.२४ मृत्यु पंचकः
१२ बुधे चित्रायां ता. २७.११.२४ लग्नाऽभावः, क्षीण चन्द्रः
तदग्रे क्षीण चन्द्र चतुर्दिनम्

### ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्षे ●

२ भौमे मूले ता. ३.१२.२४ लग्नाऽभावः
३ बुधे उषायां ता. ४.१२.२४ लग्नाऽभावः भद्रा, मृत्यु पंचकः
४ गुरौ उषा/श्रवणे ता. ५.१२.२४ भद्रा, मृत्यु पंचकः, लग्नाऽभावः
५ शुक्रे श्रवणे ता. ६.१२.२४ लग्नाऽभावः
६ शनौ घनिष्ठायां ता. ७.१२.२४ लग्नाऽभावः
८ चन्द्रे उभायां ता. ९.१२.२४ पापग्रह राहु युतिः
१० भौमे उभायां ता. १०.१२.२४ पापग्रह राहु युतिः, व्यतिपातः
१० भौमे रेवत्यां ता. १०.१२.२४ व्यतिपातः, पापग्रह केतुवेधः
११ बुधे रेवत्यां ता. ११.१२.२४ पापग्रह केतु वेधः
११ बुधे अश्विन्यां ता. ११.१२.२४ भद्रा, परिघार्थः
१२ गुरौ अश्विन्यां ता. १२.१२.२४ लग्नाऽभावः
१३ शुक्रे रोहिण्यां ता. १३.१२.२४ मृत्युपंचकः
१४ शनौ रोहिणी/मृग. ता. १४.१२.२४ मृत्युपंचकः, मासान्तः
१५ सूर्ये मृगशिरायां ता. १५.१२.२४ संक्रान्तिः
तदग्रे धनुसंक्रान्ति मलमासः

### ● माघ कृष्ण पक्षे ●

५ सूर्ये उफायां ता. १९.१.२५ लग्नाऽभावः
५ सूर्ये हस्ते ता. १९.१.२५ पापग्रह राहु वेधः
६ चन्द्रे हस्ते ता. २०.१.२५ पापग्रह राहु वेधः, भद्रा
६ चन्द्रे चित्रायां ता. २०.१.२५ पापग्रह शनि वेधः
७ भौमे चित्रायां ता. २१.१.२५ पापग्रह शनि वेधः
९ गुरौ अनुराधायां ता. २३.१.२५ लग्नाऽभावः, भद्रा, मृत्यु पंचकः
१० शुक्रे अनुराधायां ता. २४.१.२५ मृत्यु पंचकः, भद्रा
१३ चन्द्रे मूले ता. २७.१.२५ क्षीण चन्द्रः
तदग्रे क्षीण चन्द्र दोष

### ● माघ शुक्ल पक्षे ●

३ शनौ उभायां ता. १.२.२५ पापग्रह राहुयुतिः
४ सूर्ये उभायां ता. २.२.२५ पापग्रह राहुयुतिः, मृत्यु पंचकः
४ सूर्ये रेवत्यां ता. २.२.२५ पापग्रह केतु वेधः
६ चन्द्रे रेवत्यां ता. ३.२.२५ पापग्रह केतु वेधः
६ चन्द्रे अश्विन्यां ता. ३.२.२५ लग्नाऽभावः
९ गुरौ रोहिण्यां ता. ६.२.२५ लग्नाऽभावः
१० शुक्रे मृगशिरायां ता. ७.२.२५ वैधृतिः
११ शनौ मृगशिरायां ता. ८.२.२५ वैधृतिः
१५ बुधे मघायां ता. १२.२.२५ संक्रान्तिः

### ● फाल्गुन कृष्ण पक्षे ●

३ शनौ उफायां ता. १५.२.२५ लग्नाऽभावः, भद्रा
३ शनौ हस्ते ता. १५.२.२५ पापग्रह राहु वेधः
४ सूर्ये हस्ते ता. १६.२.२५ पापग्रह राहु वेधः
४ सूर्ये चित्रायां ता. १६.२.२५ पापग्रह शनि वेधः
५ चन्द्रे चित्रायां ता. १७.२.२५ पापग्रह शनि वेधः
६ भौमे चित्रा ता. १८.२.२५ पापग्रह शनि वेधः, लग्नाऽभावः
६ बुधे स्वात्यां ता. १९.२.२५ लग्नाऽभावः, भद्रा
९ शनौ मूले ता. २२.२.२५ लग्नाऽभावः, भद्रा, मृत्यु पंचकः
१० सूर्ये मूले ता. २३.२.२५ भद्रा, मृत्यु पंचकः
११ चन्द्रे उषायां ता. २४.२.२५ व्यतिपातः
१२ भौमे श्रवणे ता. २५.२.२५ क्षीण चन्द्रः
तदग्रे क्षीण चन्द्र दोष

### ● फाल्गुन शुक्ल पक्षे ●

२ शनौ उभायां ता. १.३.२५ पापग्रह राहु युतिः
३ सूर्ये उभायां ता. २.३.२५ पापग्रह राहु युतिः
३ सूर्ये रेवत्यां ता. २.३.२५ पापग्रह केतु वेधः
३ सूर्ये अश्विन्यां ता. २.३.२५ लग्नाऽभावः
४ चन्द्रे अश्विन्यां ता. ३.३.२५ लग्नाऽभावः, भद्रा

## ● गुरूशुक्रास्ते त्याज्य कार्याणि ●

**वाप्यारामतड़ागकूपभवनारम्भ प्रतिष्ठे व्रताऽऽरम्भोत्सर्ग वधूप्रवेशन–महादानादि–सोमाष्टके। गोदानाग्रयण –प्रपा–प्रथमकोपाकर्म वेदव्रतं नीलोद्राहमथातिपन्नशिशु संस्कारान् सुरस्थापनम् ॥**

**दीक्षा–मौञ्जि–विवाह–मुण्डनम पूर्व देवतीर्थेक्षणं संन्यासाग्नि परिग्रहौ नृपति सन्दर्शोऽभिषेकौ गमम् । चातुर्मास्य समावृती श्रवणयोर्वेधं परीक्षां त्यजेद् – वृद्धत्वास्तशिशुत्व इज्य–सितयोर्न्यूनाधिमासे तथा ॥**

भावार्थ – सरलार्थ यह कि गुरू–शुक्र की अस्तकाल स्थिति तथा इनके वृद्धत्व तथा बालत्व कालांश में कूप खनन–उपवन बगीचा–गृहनिर्माण–देवप्रतिष्ठा कार्य नूतन गृहप्रवेश–एकादशी प्रदोष–अनन्त व्रत–शिवरात्रि आदि व्रतों का आरंभ अथवा उद्यापन–वधू प्रवेश–षेड़शमहादान–सोमयाग–अष्टकाश्राद्ध–गोदान (केशान्त कर्म) नवान्न इष्टि–उपनयन के बाद प्रथम श्रावणी कर्म–वेदव्रत–काम्यवृषोत्सर्ग–जातकर्म–देवस्थापन–मन्त्राग्रहण–मुण्डन उपनयन–विवाह कार्य–सर्वप्रथमदेवतीर्थ दर्शन–सन्यासग्रहण–अग्निहोत्र–राजदर्शन–राज्याऽभिषेक–प्रथमामहायात्रा–चातुर्मास याग समावर्त्तन–कर्णवेध–दिव्य परीक्षा इत्यादि कार्य आगमकाल में ही विज्ञजनों द्वारा वर्जित कहे हैं।

तथा नित्य का व्यापार–व्यवसाय कार्य एवं नवीन वाहनादि प्रयोग मशीनरी संचालन हेतु वर्ज्य नहीं है।

विशेष वचन सूत्र भी – नष्टे चन्द्रे तथा शुक्रे नष्टे चैव बृहस्पतौ । मंगलानि तथो द्वाहं त्वरितेऽपि न कारयेत् ॥ शुक्रे चास्तं गते जीवे चन्द्रेवास्तमुपागते तेषां वृद्धे च बाल्ये च शुभकर्म भयप्रदम् ॥

अत्यावश्यकतायां परिहारवचनम् – आवश्यकेषु कार्येषु राज्ञां तत्कर्मकारिणाम् । विवाहादीनि कुर्वीत मौढ्येऽपि गुरूशुक्रयोः ॥ शान्तिं कृत्वा तयोस्तद्वच्छुक्रदेवेन्द्र मन्त्रिणः । ह्रीमेदानेजपेर्वापि तयोरूक्तैश्च मन्त्रकैः ॥ वैदिक मन्त्रैर्यथाविधि गुरूशुक्रयोः शान्तिं कृत्वा विवाहादि कुर्यात् ॥ भाव सरलार्थ यह कि यह परिहार वचन पद विशेषस्थ मन्त्रीगण तथा राजकीय सेवारत कर्मचारीगणों हेतु अत्यधिक आवश्यकता विशेष मात्र का ही सूचक है।

## ❊❊ आत्मीय निवेदन ❊❊

या वा मानव धर्मत्वाद् या वा मद दृष्टिदोषतः
मुद्रणादौत्रुटिर्जाता संशोध्या सा महोदयैः ॥
स्वभाव सुलभा येऽपि दोषाः स्युर्यदिकुत्रचित् ।
कृपालुभिस्तु विद्वद्भिः क्षन्तव्याः सन्ति ते सदा ॥

◆ **अभिसूच्यते** – यद्यपि इस पंचांग के निर्माण एवं मुद्रण में यथायोग्य पूर्णतया सावधानी–दक्षता रखी गई है । तथापि मानवीय सहजगतिक दृष्टिदोष वश तथा कम्प्यूटर यांत्रिकी तकनीकी वश किसी भी प्रकार की अशुद्धि–मुद्रण व्यतिक्रम के हेतु प्रकाशक–पंचांग रचियता एवं मुद्रक उत्तरदायी नहीं है। किसी भी प्रकार के न्यायिक विवाद–समाधान हेतु न्यायक्षेत्र नीमच छावनी–मध्यप्रदेश ही मान्य रहेगा।

भवदीय – शुभाऽभिलाषी
**निर्णयसागर पंचांग**
नीमच केन्ट 458 441 (म.प्र.)

## गृह निर्माण मुहूर्त्त-क्रिया

❖ **गृहारम्भे शुभ मासा:** - सौर संक्रान्तिजनित मिथुन-कन्या-धनु-मीन का कालांश समय मान्य नहीं तथा शेष सभी सौर संक्रान्ति मास गृहारंभ में शुभ है। अभिप्राय यह कि मेष राशि सूर्य में चैत्र। वृषभ राशि सूर्य में ज्येष्ठ। कर्क राशि सूर्य में आषाढ। सिंह राशि सूर्य में भाद्रपद। तुला सूर्य में आश्विन। आदि कृष्णपक्षीय चान्द्रमास गृहारंभ नवनिर्माण हेतु शुभ फलद है।

❖ **शुभ तिथि** - २-३-५-६-७-१०-११-१२-१३-१५ तथा कृष्णपक्षीय प्रतिपदा १ भी शुभ। शुक्ल प्रतिपदा १ तथा ४-९-१४-८-३० तिथि गृह रचना विषय में मान्य नहीं

❖ **शुभ वार** - सोम, बुध, गुरू, शुक्र, शनि मान्य तथा रवि-मंगलवार वर्जित है।

❖ **शुभनक्षत्र**- रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, चित्रा, हस्त, स्वाति, अनुराधा, तीनों उत्तरा, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती आदि १३ नक्षत्र सप्तशलाका चक्रवेध-रहित शुभ मान्य।

❖ **समय लग्न शुद्धि** - गृहारंभ हेतु स्थिर तथा द्विस्वभाव राशि के लग्न विशेष शुभ तथापि १-३-५-६-८-११-१२ संज्ञक लग्नों में तथा शुभ ग्रह ८-१२ भाव में नहीं रहे एवं केन्द्र १-४-७-१० एवं त्रिकोण ५-९ भाव स्थान में शुभ ग्रह की रचना तथा ३-६-११ स्थान भावों में पाप ग्रह शुभ ही मान्य एवं अभिजित मुहूर्त्त वेला तथा आवश्यकता विशेष में श्रीकार-शुभ चौघटिका वेला का समय भी मान्य है।

❖ **भू-शयन गणना क्रम** (१) सूर्य जिस नक्षत्र में रहे उससे इष्ट मुहूर्त्त दिवस का नक्षत्र गणनानुसार ५-७-९-१२-१९-२६ वाँ दिवस भूशयन सुप्तपृथ्वी विकार भी दोषप्रद माना जाता है। तथा इन नक्षत्रों में भी क्रमश: ४-८-५-३-६-७ घटी नक्षत्र (आदि की घटी) मात्र में ही भूशयन तथा शेष घटियों में सुप्त विकार नहीं। वास्तु रत्नावली ग्रन्थानुसार इस प्रकार का अभिमत है तथा कतिपय ग्रंथों में इष्ट सूर्य संक्रान्ति दिन से ५-७-९-१५-२१-२४ वाँ दिवस मात्र में ही भूशयन मानते हैं। इन भूशयन समय में गृह निर्माण-कूप-तड़ाग-बीज वपन-हल प्रवाह चलाना खनन आदि का कार्य नेष्ट सूचक है।

❖ **गृहारंभे वृषवास्तु-वत्सगणना** - सूर्य नक्षत्र से इष्ट दिन नक्षत्र तक गणनानुसार दिन नक्षत्र १ से ७ तक अशुभ तथा ८ से १८ तक शुभ, तथा १९ से २८ तक अशुभ। नक्षत्र गणना अभिजित् सहित करना चाहिये।

## भूमि-वस्तु क्रय-विक्रय मुहूर्त्त

दोनों पक्ष की ५-६-१०-११-१५ तथा कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा १ तिथि भी मान्य। तथा चन्द्र-बुध सामान्य एवं गुरू-शुक्रवार विशेष शुभ। एवमेव मृगशिरा-पुनर्वसु-पुष्य-आश्लेषा-मघा-हस्त-स्वाति-विशाखा-अनुराधा-मूल तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा-श्रवण-रेवती का सुयोग शुभ मान्य।

## ❁ नवीन गृह प्रवेश मुहूर्त्त ❁

❁ **चान्द्र मास** - वैशाख-ज्येष्ठ-माघ-फाल्गुन आदि उत्तरायण काल विशेष शुभ। तथा कार्त्तिक-फाल्गुन मास सामान्यतया आवश्यकता विशेष मध्य मान्य।

❁ **नक्षत्र** - रोहिणी, मृगशिरा, चित्रा, अनुराधा, तीनों उत्तरा, रेवती विशेष शुभ मान्य तथा आवश्यकता विशेष मध्य-पुष्य-स्वाति-धनिष्ठा, शतभिषा भी मान्य। ❁ **वार** - चन्द्र, बुध, गुरू, शुक्र, शनि। ❁ **तिथि** - शुक्ल पक्षीय १ रिक्ता संज्ञा ४-९-१४ तथा अमावस्या रहित सभी तिथि गणना मान्यता शुभ तथा स्थिर लग्न सर्वोत्तम २-५-८-११ तथा द्वि स्वभाव लग्न सामान्य शुभ ३-६-९-१२ तथा लग्न शुद्धि हेतु १-२-३-४-५-७-९-१० इन स्थान भावों में शुभ ग्रह स्थिति तथा ३-६-११ भावों में पापग्रह मान्य तथा चन्द्रमा १-६-८-१२ भाव स्थानों में नहीं होवे और ४-८ भाव शुद्ध होवे तथा कलश चक्र की शुद्धि देखकर सन्मुख में गाय कन्या-जलपूर्ण कलश, श्रीफल, आम्रपर्ण, पुष्पमाला तथा विप्र सहित वेदध्वनि मांगलिक गायन वाद्य के सहित दम्पत्ति को नवगृह प्रवेश शुभ है ❁ **कलश चक्र गणना सूत्र** - अभिजित रहित करें। सूर्य नक्षत्र से इष्ट दिवस दिन नक्षत्र तक गणना करें। ५ संख्या तक अशुभ तथा ६ से १३ तक शुभ। १४ से २१ अशुभ एवं २२ से २७ दिन गणना तक शुभफल।

## श्रीदेव प्रतिष्ठा मुहूर्त्त

चैत्रे वा फाल्गुन वापि ज्येष्ठे वा माधवे तथा।
माघे वा सर्वदेवानां प्रतिष्ठा शुभदा भवेत्॥
यस्य देवस्य यत्तिथिवार नक्षत्रादिकं तद्दिनेयदि
तस्य प्रतिष्ठा मुहूर्त्तो भवेत्तदा अत्युत्तम:॥
रिक्तान्यतिथिषु स्यात्सावारे भौमान्यके तथा।
तथा महाश्विनो मास: उत्तम: सर्वकामद:॥

जिस देवता की प्रतिमा स्थापित करनी हो उस देवता के ही दिन-तिथि-नक्षत्र तथा शुभ योग-शुभ लग्न में स्थापना करना चाहिये तथा दिवस के पूर्वाह्न काल में स्थापना बनें यह भी लक्ष्य साधना रखना चाहिये। ● **शुभ मान्य मास** - माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ (तथा विकल्प से चैत्र-आश्विन मास भी प्रकारान्तर से मान्य) एवं माघ मास में श्री विष्णु की प्रतिष्ठा नहीं। तथा मातृ, भैरव, वराह, नृसिंह एवं देवी प्रतिष्ठा दक्षिणायन में भी शास्त्र सम्मत हैं ● **शुभ तिथि** - २-३-५-६-७-८-१०-११-१२-१३-१५ एवं कृष्ण पक्ष की १ प्रतिपदा तिथि भी शुभ श्रीकार। ● **शुभवार** - सोम, बुध, गुरू, शुक्र, शनि। तथा मंगलवार का पूर्णतया निषेध है। ● **शुभ नक्षत्र**-अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती तथा तीनों उत्तरा संज्ञक नक्षत्र दिवस शुभ।

## ✿ शासक अधिकारी सम्पर्क मुहूर्त्त ✿

दोनों पक्ष की तिथियां २-३-५-७-१०-११-१३ तथा कृष्णपक्षीय १ प्रतिपदा। **वार** - सूर्य, सोम, बुध, गुरू, शुक्र। **नक्षत्र** - अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, अनुराधा, श्रवण आदि शुभ।

## ♣ पद विशेष अधिग्रहण मुहूर्त्त ♣

राजपत्रित पद-मंत्री-सरपंच-प्रधान, दल नेता, नगराध्यक्ष तथा सभी सामाजिक एवं शासकीय पद विशेष हेतु भी। **तिथि** - ४-९-१४ रिक्ता तिथि - मंगलवार-रात्रि समय - मलमास आदि अमावस्या समय का त्याग करें। **नक्षत्र**- अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, अनुराधा, ज्येष्ठा, अभिजित, श्रवण, रेवती नक्षत्र मान्य हैं। **लग्न समय** - ३-५-६-७-८-११ एवं अभिजित मुहूर्त्त। **लग्नशुद्धि विवेचन** - ३-६-११ भाव स्थानों में पापग्रह तथा १-४-७-१० केन्द्र एवं ५-९ त्रिकोण तथा ११-२-३ भावों में शुभग्रह रहते लग्न बल विशेष शुभद मान्य रहता है।

## ❀ शासकीय-राजसेवा-मुहूर्त्त ❀

दोनों पक्ष की तिथि यथा २-३-५-७-१०-११-१३ एवं १५ पूर्णिमा तथा कृष्ण पक्ष १ प्रतिपदा आदि शुभ मान्य एवं नृप पंचक दिवस का त्याग करें। अश्विनी, मृगशिरा, पुष्य, हस्त, चित्रा, अनुराधा, अभिजित, रेवती नक्षत्र शुभ मान्य तथा सोम-मंगल शनिवार अशुभ

## ● विविध चुनाव अभियान मुहूर्त्त ●

तिथि २-३-५-९-१०-१२-१५ शुक्ल पक्ष विशेष शुभ तथा कृष्ण पक्ष सामान्य मान्य। वार-सोम, बुध, गुरू, शुक्र। नक्षत्र-अश्विनी, रोहिणी, तीनों उत्तरा, रेवती आदि विशेष शुभ तथापि **अमृतसिद्धि-सर्वार्थसिद्धि-रवियोग विशेष दिवस** आदि का सुयोग भी श्रीकार विशेष मान्य रहता है।

## ▲ ज़लाशय कूप-खनन मुहूर्त्त ▲

रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, मघा, तीनों उत्तरा, हस्त, अनुराधा, पूर्वाषाढ, धनिष्ठा, शतभिषा आदि नक्षत्र शुभ। तथा शुभवार एवं मौलिक पंचांग शुद्धि का ध्यान रखते, एवमेव पूर्ण चन्द्र जल चर राशि (कर्क-मकर-मीन) अथवा अर्द्धजल (वृषभ-धन-कुम्भ) के चन्द्रचार में विशेष शुभ। तथा बुध, गुरू, शुक्र केन्द्रभाव स्थित तथा पापग्रह सूर्य, मंगल, शनि निर्बल भाव रचना के रहते मान्य।

## कुम्भकार-प्रजापति कार्य मुहूर्त्त

दोनों पक्ष की २-३-५-६-७-८-१०-११-१२-१३-१५ तथा कृष्ण पक्ष १ प्रतिपदा तिथि मंगलवार छोडकर, सभी वार शुभ मान्य। रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, श्रवण, रेवती, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ, उत्तराभाद्रपद आदि नक्षत्र श्रीकार शुभ मान्य। ईंट, चूना, सुरखी, सीमेन्ट आदि पक्ष हेतु सुखद।

## ★ मुकदमा नालिश-अर्जी मुहूर्त्त ★

**वार**-मंगल, शनि। **तिथि** ४-९-१४। **नक्षत्र**-कृतिका, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, ज्येष्ठा, मूल, विशाखा, तीनों पूर्वा, आदि नक्षत्र मान्य तथा भद्रा का समय काल भी विशेषकर श्रीकार।

## * मशीनरी शुभारंभ मुहूर्त्त *

नक्षत्र अश्विनी-पुनर्वसु-पुष्य-हस्त-चित्रा-स्वाति-अनुराधा-ज्येष्ठा-श्रवण-धनिष्ठा-शतभिषा-रेवती तथा सोमवार बुधवार विशेष शुभ। अन्यवार सामान्य मान्य एवं चर लग्न अथवा अभिजित मुहूर्त्त अथवा श्रीकार शुभादि चौघटिका वेला सुखद

## ✶ धेनु-गौ आदि दुधारू पशु मुहूर्त्त ✶

नक्षत्र-अश्विनी, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, विशाखा, ज्येष्ठा, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती आदि में दुधारू पशु लेना बेचना शुभ। तथा अन्य चौपाया पशु हेतु-पुनर्वसु, पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाषाढ, पूर्वाभाद्रपद, हस्त, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, धनिष्ठा, रेवती में लेना बेचना शुभ। *शकुन-नौमी-चौदस-चौथ चौपाया। वार मंगले हानिकर पाया॥* एवमेव दैनिक चन्द्र बल शुद्धि गणना पर भी ध्यान रखना चाहिए।

## ♠ श्रीराज मुहूर्त्त रचना ♠

**तिथि** - २-३-७-१२-१५ वार-रवि, मंगल, बुध, शुक्र तथा **नक्षत्र** - भरणी, मृगशिरा, पुष्य, पूर्वाफाल्गुनी, चित्रा, अनुराधा, पूर्वाषाढ, धनिष्ठा, उत्तराभाद्रपद। इन तीन तिथि+वार+नक्षत्र के सुयोग मिलने पर सर्वसिद्धिकारक श्रीकार श्रीराजयोग मुहूर्त्त वेला का निर्माण बनता है।

## ★ श्रीकुमार-तन्त्र मुहूर्त्त रचना ★

तिथि - १-५-६-१०-११ वार- मंगल, बुध, सोम, शुक्र। तथा नक्षत्र-अश्विनी, रोहिणी, पुनर्वसु, मघा, हस्त, विशाखा, मूल, श्रवण, पूर्वाभाद्रपद। इन तिथि+वार+नक्षत्र का सुयोग किसी भी दिन प्राप्त होने पर सिद्धिप्रदायक श्रीकुमार मुहूर्त्त का संयोग। सर्वकार्य रचना विषय में सुखद श्रीकार मान्य।

# ▲❀▲ अथमुहूर्त्तचिंतामणिमार्त्तण्डगणपतीत्यादिमतेन आवश्यकीय-कतिपय मुहूर्त्ताः ▲❀▲

| मुहूर्त्तनाम | ❋ नक्षत्रादिकम् ❋ | तिथि | वार |
|---|---|---|---|
| प्रथम रजोदर्शन | श्रवण, घनिष्ठा, शतभिषा, मृगशिरा, चित्रा, रेवती अनु. हस्त, अश्वि. पुष्य. रोहि. उत्तरा ३ स्वाति, तथा मास-माघ, मार्ग.वैशा. आश्विन ज्येष्ठ, फाल्गुन मास तथा शुक्ल पक्ष शुभ। | शुभ | चं.बु. गु.शु. |
| रजःस्नान शीघ्रगर्भा. | हस्त, स्वा., अश्वि., मृग., अनु., घनि., उत्तरा ३ रोहिणी ज्येष्ठा मृग., रेवती, स्वाति, हस्त, अश्वि., रोहिणी शीघ्र गर्भयोग। | शुभ | शुभ |
| सीमंत कर्म पुंसवन | मृग, पुष्य, मूल, श्रव., पुन., हस्त। उत्तरा ३ रेवती रोहिणी। गर्भमासतः ३-६-८ मास विष्णु पूजा। | शुभ | र.गु.मं. |
| जातकर्म नामकर्म | जन्मतः ११-१२ दिने, मृग., रेवती, चित्रा, अनु., उत्तरा ३ रोहिणी, हस्त, अश्विनी, पुष्य, स्वाति, पुनर्वसु, श्रवण, घनिष्ठा, शत.। | शुभ | शुभ |
| सूतिका स्नान | उत्तरात्रय ३ रोहिणी, रेवती, मृगशिरा, हस्त, स्वाति, अश्विनी, अनु.। | शुभ | र.मं.गु. |
| पालने में शयन | मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा, हस्त, अभि., अश्विनी, पुष्य, उत्तरा ३ रोहि.। सूर्यभाद्गणना आरोग्य ५, मृत्यु ५, देहकष्ट ५, व्याधि ५, अन्तिम सौख्य ७। दिन - ३२, १२, १६, १८, १० | शुभ | शुभ |
| जल पूजन जलवा | श्रवण, पुन., पुष्य, मृग., हस्त., मूल, अनु. (शु.+गु. अस्त चैत्र + पौष अधिकमास निषेध) | शुभ | शुभ |
| अन्नप्राशन | शिशु जन्मतः ६,८,१० मासे। कन्या प्रति ५, ७ विषम मासे, शुक्लपक्षे, अश्विनी, रोहिणी, मृगशिा, पुनर्वसु, पुष्य, उत्तरा ३ हस्त चित्रा स्वाति अनुराधा, अभिजित, श्रवण, धनिष्ठा, रेवती (मीन, मेष, वृश्चिक, लग्न एवं जन्मराशि नक्षत्र निषेध) | २, ३, ५, ७, १० १३, १५ | शुभ |
| कर्णवेध परोजना | श्रवण, घनिष्ठा, पुनर्वसु, इस्त, अश्वि, पुष्य, अभिजित, मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनु (देवशयन, चैत्र, पौष, जन्ममास तथा समवर्ष निषेध) जन्मतः ६-७ मास शुभ। | शुभ | शुभ |
| जडुला उतारना | मृगशिरा, रेवती, चित्रा, स्वाति, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, हस्त, अश्विनी, पुष्य, ज्येष्ठा, चैत्रहीन, उत्तरायणे ३, ५, ७ वर्षे | शुभ | शुभ |
| विद्यारंभः अक्षरबोध | मूलतः पंचम् ५ वर्षे अश्वि.मृ.आर्द्रा पुनर्वसु पुष्य श्ले. पूर्वा. ३ हस्त चित्रा स्वाति मूल घनिष्ठा शतभिषा अनध्याय वर्जित दिन तथा कुम्भ रवि निषेध। १-८ तिथि नैव। | २, ३, ५, ६, १० ११, १२ | सू.बु. गु.शु. |
| चूड़ा पहनना | अश्वि.ह.चि.स्वा.वि.अनु.घनि.रेव.शुभ। सूर्यभात ३ ने. ५ ने.३ शु.४शु.७ने.२ने.१शु.२शु.१ ने.। उत्तरा ३ रोहिणी नेष्टम्। | शुभ | सु.गु. बु.शु. |

| मुहूर्त्तनाम | ❋ नक्षत्रादिकम् ❋ | तिथि | वार |
|---|---|---|---|
| कन्या वरण | पूर्वा फा.३ उत्तरा.३, श्रवण अनुराधा स्वाति घनिष्ठा कृतिका रोहिणी रेवती मूल मृग मघा, हस्त एवं वैवाहिक नक्षत्र शुभद। | शुभ | मंगल त्याग |
| वर वरण | पूर्वा ३, उत्तरा ३, कृतिका रोहिणी। | शुभ | शुभ |
| वधू प्रवेश | विवाहतः २, ४, ५, ६, ७, ८, ९, १०, १२, १४, १६ दिन। एवमग्रे विषम मास तथा वर्षों में। हस्त चि. रोहि. मृग अश्वि. रेवती, मघा, पुष्य, घनि. श्रव. उत्तरा ३ मूल. अनु. तथा स्थिर लग्न मान्य हैं। | शुभ | शुभ |
| द्विरागमन मुकलावा | मेषे. वृश्चि. कुम्भ के सूर्ये, मूल, ह. चि. रो. मृ. अश्वि. पुष्य. उ. ३, श्र. ध. पुन. रे. स्वा. अनु. २-३-६-७-१२ लग्ने विवाहतः १-३-५ वर्षे, दीपावली, विजयादशमी अबूझ शुभ। | शुभ | शुभ |
| गंधर्व विवाह | अश्विनी, कृतिका, आर्द्रा, पुनर्वसु, श्ले, ज्येष्ठा, घनिष्ठा, शतभिषा, इन नक्षत्रों में तथा गुरू शुक्रास्त का विचार नहीं। | शुभ | सू. मं.श. |
| दूकान शुभारम्भ | उत्तरा ३, रोहिणी, मृगशिरा, चित्रा, रेवती, अनुराधा, हस्त, अश्विनी, पुष्य, अभि. चन्द्रलग्ने, कुंभ लग्ने निषेध। | शुभ | मंगल त्याग |
| वस्तु क्रय खरीद | शुक्ल पक्ष की ११ से कृष्णपक्ष की ५ तक, रेवती, अश्वि. स्वा. श्रव. शत.चित्रा | शुभ | शुभ |
| वस्तु विक्रय | पूर्वा ३, विशाखा कृतिका आश्लेषा, भरणी शुभद, रिक्ता तिथि अमावस्या निषेध, कुम्भ लग्न निषेध। | शुभ | शुभ |
| बहीखाता व्यवस्था | मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त चित्रा अनुराधा श्रवण रेवती चर तथा द्विस्वभाव लग्ने। | शुभ | शुभ |
| नौकर रखना | हस्त अभिजित अश्विनी पुष्य मृगशिरा रेवती चित्रा अनुराधा राशि + नक्षत्रयोनि मैत्री आदि वर्ग वैर चिन्तनीयम्। | शुभ | शुभ |
| ऋण का लेन-देन | मंगलवार संक्रान्ति दिन, वृद्धियोग, हस्तयुक्त रविवार को ऋण नहीं लेवें। मंगल को चुकावें तथा बुधवार को धन नहीं देवें। | | |
| रोगमुक्त स्नान | रेवती पुनर्वसु उत्तरा ३, रोहिणी मघा स्वाति आश्लेषा इनमें निषेध तथा शेष नक्षत्रों में अशुभ चन्द्र स्थिति रहते | अशुभ | चं.शु. त्याग |

## कृषिकर्म विषये

● **हल चलाना कृषि कर्म** - मूल. विशा, मघा, स्वा, पुन. श्र, ध, शत, उत्तरा ३ रोहि, मृग, चित्रा, रे, अनु। सूर्यनक्षत्र गणना-३ ने ३ श्रै ३ ने ५ श्रे ३ ने ५ श्रे ३ ने २ श्रे। वार तिथि शुभ है।

● **बीज बावनी** - हल चालक नक्षत्रों में से श्रव, शत, पुन, विशा छोड़ देवें तथा शेष नक्षत्रों में बीज बोवें। राहु नक्षत्रतः गणना- ८ ने, ३ श्रे, १ ने, ३ श्रे, १ ने, ३ श्रे, १ ने, ३ श्रे, ४ ने। तिथि शुभ लेवें। वार - र,चं. बु. गु. शु. श.।

● **दंगी सीटा तोड़ना** - फसल कटाई में मूल. ज्ये. आर्द्रा. श्ले. पूभा. हस्त. कृ. श्र. ध. मृ. स्वा. मघा. उत्त.३ पूषा. भरणी. पुष्य स्थिर लग्ने वार + तिथि शुभ।

### ♠ ट्रक-मोटर-कार-इंजन-स्कूटर-बस मुहूर्त हेतु ♠

अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वात्ति, अनुराधा, श्रवण, घनिष्ठा, शतभिषा, रेवती। मंगलवार तथा ४-९-१४ तिथि अशुभ।

# भारतीय भू संभाग मध्य सूर्य-चन्द्र ग्रहण-विवेचना

इस संवत् २०८१ के अंतर्गत भू-मंडलीय ग्रहण गणना नियामक से चार ग्रहण का प्रारूप गणितागत प्राप्त हो रहा है, इनमें से दो सूर्य ग्रहण व दो चंद्रग्रहण होंगे, **परंतु भारतीय भू भाग में दोनों सूर्य ग्रहण और एक चन्द्र ग्रहण दृश्य नहीं होगा तथा एक चन्द्र ग्रहण भी मान्द्य रूप में ही भारत में दृश्य होगा। भारत में अदृश्य/मान्द्य ग्रहण हेतु वेध - सूतक - स्नान - दान - पुण्य - कर्म - यम - नियम एवं जप अनुष्ठान हेतु मान्यता नहीं होगी।** इसी विषय में धर्मशास्त्रीय वचन विशेष यह की- **।। द्विपान्तारे ग्रहण सत्वेऽपिदर्शन योग्यत्वायान्न पुण्यकाल: ।।**

१. **मान्द्य / खंडग्रास चन्द्र ग्रहण ता. १७.९.२४ / १८.९.२४ : (क) मान्द्य चन्द्र ग्रहण ता.१७.९.२०२४:** संवत् २०८१ भाद्रपद शुक्ल पक्ष १४ मंगलवार को मान्द्य चन्द्र ग्रहण होगा भारतीय समय में रात्रि शेष ६:११ से ६:४० तक भारत में श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, श्री गंगानगर, बीकानेर, नागौर, अजमेर, जोधपुर, पाली, ब्यावर, भीलवाड़ा, नीमच, उदयपुर, कोटा, सूरत, अहमदाबाद, उज्जैन, इन्दौर, जलगाँव, नासिक, मुम्बई, पूणा, हुबली, केरल एवं यहाँ से पश्चिम में दृश्य होगा। **मान्द्य ग्रहण होने से इसका धार्मिक दृष्टि से कोई महत्त्व नहीं होने से अत: इसका कोई भी यम-नियम-सूतक आदि मान्य नहीं होंगे।**

**(ख) खंडग्रास चन्द्र ग्रहण ता. १८.९.२४ :** भाद्रपद शुक्ल पक्ष १५ बुधवार को खंडग्रास चन्द्र ग्रहण होगा, भारतीय समय से इसका विरल छाया प्रवेश प्रातः ६:११, स्पर्श प्रातः ७:४३, मध्य प्रातः ८:१४, मोक्ष प्रातः ८:४६ एवं विरल छाया निर्गम दिवा १०:१७ बजे होगा। **चूंकि यह ग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा इससे भारत में इस ग्रहण से सम्बंधित कोई भी यम-नियम-सूतक आदि मान्य नहीं होंगे।** यह ग्रहण कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, अफगानिस्तान, ओमान, तुर्कमेनिस्तान में मान्द्य रूप में एवं अफ्रीका, जर्मनी, पोलैंड, दक्षिणी अमेरिका, मध्य एवं पूर्वी उत्तरी अमेरिका में खंडग्रास रूप में दृश्य होगा।

२. **कंकणा कृति सूर्यग्रहण ता. २.१०.२०२४ :** संवत् २०८१ आश्विन कृष्णपक्ष ३० बुधवार को कंकणा कृति सूर्यग्रहण होगा। भारतीय समय से इसका स्पर्श रात्रि ९:१३, ग्रहण का मध्य, मध्य रात्रि १२:१५ एवं मोक्ष रात्रि ३:१६ बजे होगा। **यह ग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा। इससे भारत में इससे सम्बन्धी कोई भी यम-नियम-सूतक आदि मान्य नहीं होंगे।** यह ग्रहण मेक्सिको के पश्चिमी समुद्री क्षेत्र, मध्य एवं दक्षिणी दक्षिण अमेरिका, उत्तर एवं पश्चिमी अन्टार्कटिका में दृश्य होगा।

३. **खग्रास चन्द्र ग्रहण ता.१४.३.२०२५ -** संवत् २०८१ फाल्गुन शुक्ल पक्ष १५ शुक्रवार को चन्द्र ग्रहण होगा भारतीय समय में इसका विरल छायाँ प्रवेश प्रातः ८:२७, स्पर्श दिवा १०:४०, मध्य दिवा १२:२९, मोक्ष दिवा ०२:१८ एवं विरल छायाँ निर्गम दिवा ०३:३० बजे होगा। **यह ग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा इससे भारत में इस ग्रहण से सम्बंधित कोई भी यम-नियम-सूतक आदि मान्य नहीं होंगे।** यह ग्रहण अमेरिका, अफ्रीका, यूरोप, जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड और रूस व चीन के पूर्वी भाग में दृश्य होगा।

४. **खंडग्रास सूर्य ग्रहण ता. २९.३.२०२५ -** संवत् २०८१ चैत्र कृष्ण पक्ष ३० शनिवार को सूर्यग्रहण होगा। भारतीय समय से ग्रहण का स्पर्श दिवा ०२/२१ बजे एवं मोक्ष दिवा ०६/१४ बजे होगा। **यह ग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा। इससे भारत में ग्रहण से सम्बंधित वेध-सूतक-स्नान-दान पुण्य-कर्म-यम-नियम मान्य नहीं होंगे।** यह ग्रहण ग्रीनलैंड, यूरोप, मोरोको, आर्कटिक और उत्तर अटलांटिक समुद्री क्षेत्र में दृश्य होगा।

# महाकुम्भ पर्व - प्रयागराज

भारतीय संस्कृति के अन्तर्गत महाकुम्भ पर्व का माहात्म्य सर्वविदित विषय है। यह पर्व आदि-अनादि काल से सन्मान्य है। पूरा समुद्र-मंथन की रचना बनने पर चतुर्दश रत्नों में अमृत कलश हेतु देव-दानवों के मध्य संघर्ष-सृष्टि बनी एवं इसी संघर्ष रचना मध्य अमृत बिन्दु प्रपात बना जो कि प्रयागराज-नासिक-उज्जयिनी-हरिद्वार आदि संभाग में अमृत बिन्दु पतन से यहाँ के जलाशय अमृतमय बन गये तथा ग्रह गोचर परिभ्रमण स्थिति विभेद से सुयोगद कल्प तुल्य दिवस बनते विशेष स्नान-दान-पुण्य-अनुष्ठान-कल्पवास विधान हेतु धर्मशास्त्रीय संविधान का समादेश-सर्वमान्यता से चरितार्थ बना। इसी समाधार अनुसार सम्पूर्ण देश-विदेश के धर्माचार्य - महन्त श्री - महामण्डलेश्वर - तपस्वी-साधु सन्त - संन्यासी - योगीराज - मठाधीश - श्रीपीठपदासीन स्वामी - एवमेव विभिन्न अखाड़ों के सन्नायक तथा भारतीय धर्मनिष्ठ वर्ग विशेष द्वारा शाही स्नान विधान आदि क्रिया का पावन पवित्र सुयोग बना। इस महापर्व विषयक ग्रह योगानुयोग समीक्षा सूत्र यह कि :-

विक्रमाब्द २०८१ माघ कृष्ण पक्ष अमावस्या ३० बुधवार एवं दिनांक २९-०१-२०२५ ईस्वी दिवस पर प्रमुख शाही स्नान-पर्व मान्य होगा। इस विषयक धर्मशास्त्रीय तथा स्पष्ट गणितागत ग्रहगोचरीय रचना सूत्र यह कि - जीवे दूषभ्ये मकरे चन्द्रभास्करौ-प्रयागराज संगमे महाकुम्भ पर्व। मकरे च दिवानाथे वृषगे च बृहस्पतौ। कुम्भ योगो भवेतत्र प्रयागे जाति दुर्लभः।। ग्रन्थान्तरेऽपि सूत्रावली - माघे वृषभ्ये जीवे मकरचन्द्र भास्करौ। अमावस्या ततो योगः कुम्भाख्यस्तीर्थ नायके।। पुनरपि शास्त्र वचनम् - मकरे च दिवानाथे वृषराशिगते गुरौ। प्रयागे कुम्भयोगो वै माघमासे विधुक्षये।। इत्यादि शास्त्रीय सूत्रानुसार कुम्भ महापर्व चरितार्थ होगा। तथा मकर संक्रान्ति दिवस से ही पर्व स्नान-मेला प्रारंभ होकर पौषी पूर्णिमा-पुत्रदा एकादशी-षट्तिला एकादशी-माघी अमावस्या को प्रमुख स्नान पर्व एवं अग्रिम वसन्त पंचमी-जया एकादशी-माघ मासीय पूर्णिमा-महाशिवरात्रि-होलिका फाल्गुन पूर्णिमा आदि तक भी क्रमशः कुम्भ पर्वकाल जनित स्नानादि धार्मिक कृत्य प्रचलित रहेंगे।

**• कुम्भ पर्व स्नान माहात्म्य-महिमा सूत्र • अश्वमेघ सहस्राणि वाजपेय शतानि च। लक्षं प्रदक्षिणा पूरेः, कुम्भ स्नाने ही तत् फलम्।। प्रयागराज संगम तटे, कुम्भ पर्व मुख दक्ष। धर्म ध्यान स्नान की, महती महिमा लक्ष।। साधु सन्त मठ के पति, उत्साहित अनुदान। भारत भूमि धर्म की नर-नारी स्नान।।**

# आगामी प्रयागराज कुम्भ महापर्व- सन् 2025

**कुम्भ पर्वे स्नान महिमा-माहात्म्यम्-अश्वमेघ सहस्राणि वाजपेयशतानि च। लक्षं प्रदक्षिणा भूमेः कुम्भस्नाने हि तत् फलम्।।**

**ई. सन् २०२५, संवत् २०८१ शक १९४६ माघ माह में प्रयागराज में कुम्भ महापर्व का योग बन रहा है इस महापर्व में स्नान की मुख्य तिथियाँ निम्नानुसार रहेंगी-**

**(१) पूर्णिमा स्नान :** पौष शुक्ल पक्ष १५ सोमवार, दिनांक १३.१.२०२५ **(२) मकर संक्रांति शाही स्नान :** माघ कृष्ण पक्ष १ मंगलवार, दिनांक १४.१.२०२५ **(३) षट्तिला एकादशी स्नान :** माघ कृष्ण पक्ष ११ शनिवार, दिनांक २५.१.२०२५ **(४) प्रदोष एवं मारा शिवरात्रि स्नान :** माघ कृष्ण पक्ष १३ सोमवार, दिनांक २७.१.२०२५ **(५) मौनीअमावस्या शाही स्नान :** माघ कृष्ण पक्ष ३० बुधवार, दिनांक २९.१.२०२५ **(६) बसंत पंचमी शाही स्नान :** माघ शुक्ल पक्ष ४ रविवार, दिनांक २.२.२०२५ **(७) जया एकादशी स्नान :** माघ शुक्ल पक्ष ११ शनिवार, दिनांक ८.२.२०२५ **(८) माघी पूर्णिमा स्नान :** माघ शुक्ल पक्ष १५ बुधवार, दिनांक १२.२.२०२५ **(९) महाशिवरात्रि पर्व :** फाल्गुन कृष्ण पक्ष १३ बुधवार, दिनांक २६.०२.२०२५

## ● आगामी विवाह मुहूर्ताः सं.२०८२ सन् २०२५-२०२६ ई. ●

| मास–पक्ष–तिथि | वार | दिनांक | नक्षत्र | रेखा | चन्द्र | सूर्य | गुरू | ● विवाह लग्न समय ● |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वै.कृष्ण १ | सोम | १४-४-२५ | स्वाति | ७ | तुला | मेष | वृषभ | लग्न ३ मिथुन लग्न ८ वृश्चिक |
| वै.कृष्ण ३ | बुध | १६-४-२५ | अनुराधा | ८ | वृश्चिक | मेष | वृषभ | लग्न ११ कुम्भ रात्रि १२।१८ उ. |
| वै.कृष्ण ५ | शुक्र | १८-४-२५ | मूल | ६ | धनु | मेष | वृषभ | लग्न ११ कुम्भ दग्धा परिहारः |
| वै.कृष्ण ६ | शनि | १९-४-२५ | मूल | ७ | धनु | मेष | वृषभ | लग्न ३ मिथुन चं.७ पू. |
| वै.कृष्ण ७ | रवि | २०-४-२५ | उत्तरा षा. | ७ | मकर | मेष | वृषभ | लग्न ८ वृश्चिक गु.७ पू.लग्न ११ कुंभ |
| वै.कृष्ण १२ | शुक्र | २५-४-२५ | उत्तरा भा. | ७ | मीन | मेष | वृषभ | लग्न ३ मिथुन दिवा ९।३९ उ. |
| वै.शुक्ल २ | मंगल | २९-४-२५ | रोहिणी | ९ | वृषभ | मेष | वृषभ | लग्न ८ वृश्चिक लग्न ११ कुम्भ |
| वै.शुक्ल ३ | बुध | ३०-४-२५ | रोहिणी | ९ | वृषभ | मेष | वृषभ | लग्न २ वृषभ लग्न ३ मिथुन |
| वै.शुक्ल ३ | बुध | ३०-४-२५ | मृगशिरा | ९ | वृषभ | मेष | वृषभ | लग्न ८ वृश्चिक चं.गु.७ पू. |
| वै.शुक्ल ८ | सोम | ०५-५-२५ | मघा | ९ | सिंह | मेष | वृषभ | लग्न ८ वृश्चिक लग्न ११ कुंभ |
| वै.शुक्ल ९ | मंगल | ०६-५-२५ | मघा | ९ | सिंह | मेष | वृषभ | लग्न २ वृषभ लग्न ३ मिथुन |
| ज्ये.कृष्ण ५ | शनि | १७-५-२५ | उत्तरा षा. | ७ | धनु | वृषभ | मिथुन | लग्न ९ धनु गु.७ पू.मं.८ परिहारः |
| ज्ये.शुक्ल २ | बुध | २८-५-२५ | मृगशिरा | ९ | वृषभ | वृषभ | मिथुन | लग्न ३ मिथुन |
| ज्ये.शुक्ल २ | बुध | २८-५-२५ | मृगशिरा | ८ | मिथुन | वृषभ | मिथुन | लग्न ९ धनु चं.गु.७ पू.मं.८ परिहारः |
| ज्ये.शुक्ल ७ | सोम | ०२-६-२५ | मघा | ८ | सिंह | वृषभ | मिथुन | लग्न ९ धनु गु.७ पू.रात्रि ८।३५ या. |
| ज्ये.शुक्ल १२ | शनि | ०७-६-२५ | स्वाति | ८ | तुला | वृषभ | मिथुन | लग्न १ मेष चं.७ श.१२ पू. |
| ज्ये.शुक्ल १२ | रवि | ०८-६-२५ | स्वाति | ८ | तुला | वृषभ | मिथुन | लग्न ३ मिथुन ४ कर्क तिथ्यंतमपि |

## ＊ संवत् २०८१ ई.मध्य प्रमुख पर्व पूजनादि मुहूर्त वेला ＊

- **चैत्री बसंत नवरात्रि** – चैत्र शुक्ल पक्ष १ मंगलवार तारीख ९.४.२०२४ ई.दिन में १२।१४ से १।०५ तक अभिजित वेला में पूजन एवं घट स्थापना करना श्रेष्ठ रहेगा।
- **आषाढ़ी गुप्त नवरात्रि** – आषाढ़ शुक्ल पक्ष १ शनिवार तारीख ६.७.२०२४ ई.प्रातः में ७।३७ से ९।१९ तक शुभ, दिवा १२।१५ से १।१० तक अभिजित वेला में पूजन एवं घट स्थपना करना श्रेष्ठ रहेगा।
- **रक्षाबंधन पर्व मुहूर्त** – श्रावण शुक्ल पक्ष १५ सोमवार तारीख १९.८.२०२४ ई.भद्रोपरांत दिवा २।१७ से ३।५४ तक चंचल वेला समगतिक मान्य, दिवा ३।५४ से ७।०६ तक लाभ–अमृत में रक्षाबंधन का मुहूर्त श्रेष्ठ रहेगा।
- **श्रीगणेश पूजन स्थापना समय** – भाद्रपद शुक्ल पक्ष ४ शनिवार तारीख ७.९.२०२४ ई.मध्यान्ह में श्री गणेश जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शास्त्रानुसार श्री गणेश पूजन का श्रेष्ठ समय वृश्चिक लग्न सहित मध्यान्हकाल माना गया है। वृश्चिक लग्न दिवा ११।३९ से १।५५ तक श्री गणेश स्थापना करना श्रेष्ठ रहेगा
- **आश्विन शरद नवरात्रि** – आश्विन शुक्ल पक्ष १ गुरूवार तारीख ३.१०.२०२४ ई.प्रातः ६।३५ से ८।०३ तक शुभ वेला, दिवा १२।०३ से १२।५० तक अभिजित वेला में पूजन एवं घट स्थापना करना श्रेष्ठ रहेगा
- **माघी गुप्त नवरात्रि** – माघ शुक्ल पक्ष १ गुरूवार तारीख ३०.१.२०२५ ई.प्रातः ७।२७ से ८।४८ तक शुभ वेला, दिवा १२।२९ से १।१३ तक अभिजित वेला में पूजन एवं घट स्थापना करना श्रेष्ठ रहेगा।
- **होलिका दहन** – फाल्गुन शुक्ल पक्ष १४ गुरूवार तारीख १३.३.२०२५ ई.भद्रोत्तरे रात्रि ११।२८ से १२।०६ तक होलिका का दहन करना श्रेष्ठ रहेगा।

## ★ दीपावली निर्णय सूत्र संवत् २०८१– दि.१.११.२०२४ ★

दीपावली कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रदोषव्यापिनी अमावस्या को मनाई जाती है। इस वर्ष संवत् २०८१ में कार्तिक अमावस्या ३१.१०.२४ गुरूवार को दिवा ०३:५४ से प्रारंभ होकर अगले दिन ०१.११.२४ शुक्रवार को सायं ०६:१७ पर समाप्त हो जाएगी। इस स्थिति में अमावस्या तिथि दो दिन प्रदोष काल (सूर्यास्त के बाद लगभग १४४ मिनिट का समय) में व्याप्त है, धर्मशास्त्र का स्पष्ट निर्देश है – यदि दो दिन अमावस्या प्रदोष व्यापिनी हो तो दूसरे दिन वाली अमावस्या में ही दीपावली का पर्व मनाया जाना शास्त्रसम्मत है। इस तर्क के पीछे पितृ कार्य भी है, पितृ देव पूजन करने के बाद ही लक्ष्मी पूजन करना उचित है, पितृ देव पूजन से तात्पर्य है प्रातः काल में अभ्यंग स्नान, देव पूजन और अपरान्ह में पार्वण कर्म, यदि दीपावली एक दिन पूर्व मनाई जाए तो यह सभी कर्म लक्ष्मी पूजन के बाद होंगे जो कि विपरीत दिशा–निर्देश है, अपितु यह शास्त्रोक्त नहीं रहेगा अतः दूसरे दिन ही दीपावली का पर्व शास्त्र नियम के अधीन उचित रहेगा।

निर्णय सिंधु प्रथम परिच्छेद के पृष्ठ २६पर निर्देश है कि जब तिथि दो दिन कर्मकाल में विद्यमान हो तो निर्णय युग्मानुसार करें। इस हेतु अमावस्या प्रतिपदा का युग्म शुभ माना गया है। अर्थात् अमावस्या को प्रतिपदा युता ग्रहण करना महाफलदायी होता है और लिखा है कि उल्टा होय (अर्थात् पहले दिन चतुर्दशी युता अमावस्या ग्रहण की जावे) तो महादोष है और पूर्व किये पुण्यों को नष्ट करता है। दीपावली निर्णय प्रकरण में धर्मसिंधु में लेख है कि **"तत्र सूर्योदयं व्याप्यास्तोत्तरं घटिकादिक रात्रि व्यापिनी दर्शे न संदेहः"** अर्थात् यहाँ सूर्योदय में व्याप्त होकर अस्तकाल के उपरांत एक घटिका से अधिक व्यापी अमावस्या होवे तब संदेह नहीं है, तदनुसार १ नवम्बर को दूसरे दिन सूर्योदय में व्याप्त होकर सूर्यास्त के बाद प्रदोष में एक घटी से अधिक विद्यमान है। निर्णय सिंधु के द्वितीय परिच्छेद के पृष्ठ ३०० पर लेख है कि **"दण्डैक रजनी योगे दर्शः स्यात्तु परेऽहवि। तदा विहाये पूर्वे द्युः परेऽहनि सुखरात्रिकाः"** अर्थात् यदि अमावस्या दोनों दिन प्रदोष व्यापिनी होवे तो अगली करना कारण कि तिथि तत्व में ज्योतिषी का कथन है कि एक घड़ी रात्रि का योग होवे तो अमावस्या दुसरे दिन होती है, तब प्रथम दिन छोड़कर अगले दिन सुखरात्रि होती है। तिथि निर्णय का कथन उल्लेखनीय है कि **"इयं प्रदोष व्यापनि साह्या, दिन द्वये सत्वाऽसत्वे परा"** अर्थात् यदि अमावस्या दोनों दिन प्रदोष को स्पर्श न करें तो दूसरे दिन ही लक्ष्मी पूजन करना चाहिए, इसमें यह अर्थ भी अंतरनिहित है कि अमावस्या दोनों दिन प्रदोष को स्पर्श करें तो लक्ष्मी पूजन दूसरे दिन ही करना चाहिए। व्रत पर्व विवेक में दीपावली के सम्बंध में अंत में निर्णय प्रतिपादित करते हुए लिखा है कि अमावस्या के दो दिन प्रदोष काल में व्याप्त/अव्याप्त होने पर दूसरे दिन लक्ष्मी पूजन होगा। इस प्रकार उपरोक्त सभी प्रमुख ग्रंथों का सार यह है कि यदि अमावस्या दूसरे दिन प्रदोष काल में एक घटी से अधिक व्याप्त है तो प्रथम दिन प्रदोष में सम्पूर्ण व्याप्ति को छोड़कर दूसरे दिन प्रदोषकाल में श्री महालक्ष्मी पूजन करना चाहिए, किन्तु कहीं भी ऐसा लेख नहीं मिलता कि दो दिन प्रदोष में व्याप्ति है तो अधिक व्याप्ति वाले प्रथम दिन लक्ष्मी पूजन किया जाये। प्रतिपदा युता अमावस्या ग्रहण किये जाने का युग्म का जो निर्देश है, उसके अनुसार भी प्रदोष का स्पर्श मात्र ही पर्याप्त है यदि एक घटी से कम व्याप्ति होने के कारण प्रथम दिन ग्रहण किया जाता है तो वह युग्म व्यवस्था का उल्लंघन होकर महादोष होगा। **उपरोक्त सभी शास्त्रोक्त आधारबिंदु का विचार करते हुए यह निर्णय लिया जाना शास्त्र सम्मत है कि १ नवम्बर २०२४ को श्री महालक्ष्मी पूजन (दीपोत्सव पर्व) उचित होगा इस दिन सूर्योदय से सूर्यास्त उपरांत विद्यमान होने से अमावस्या साकल्या पादिता तिथि होगी जो सम्पूर्ण रात्रि और अगले सूर्योदय तक विद्यमान मानी जाकर सम्पूर्ण प्रदोषकाल, वृष लग्न व निशीथ में सिंह लग्न में लक्ष्मी पूजन के लिए प्रशस्त होगी। दृश्य गणित से निर्मित होने वाले सभी पंचांगों में १ नवम्बर २०२४ को ही लक्ष्मी पूजन का निर्णय शास्त्र सम्मत है।**

## ● विवाह मुहूर्त में दस दोषों का संक्षिप्त विवरण ●

हमारे पंचांग में निम्नवर्णित दस दोषों का शोधन करने के उपरांत एवं देशानुकूल विवाह मुहूर्त प्रस्तुत किए हैं। इन दोषों को विवाह मुहूर्त में रेखा–स्तंभ में दर्शाया गया है। दोषों के क्रम में जहाँ दोष है वहां (ऽ) और जहां दोष नहीं है वहां (।) ऐसी रेखा दी है। इन दस दोषों में से भी क्रूर युति, क्रान्तिसाम्य, दग्धा, मृत्युबाण, वेध दोष सर्वथा त्याज्य हैं।

### ◆ १. लत्ता दोष चक्र ◆

| ग्रह | सूर्य | पूर्णचंद्र | मंगल | बुध | गुरू | शुक्र | शनि | राहु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि.न. | १२ | २२ | ३ | ७ | ६ | ५ | ८ | ९ |
| दिशा | दक्षिण | वाम | दक्षिण | वाम | दक्षिण | वाम | दक्षिण | वाम |
| फल | धननाश | भय | मृत्यु | भय | बन्धुनाश | कार्यहानि | कुलक्षय | मरण |

उदाहरण – सूर्य अश्विनी नक्षत्र पर हो और विवाह उ.फा.का हो तो सूर्य नक्षत्र से विवाह नक्षत्र १२ वां होने से यह सूर्य का लत्तादोष वाला विवाह नक्षत्र होगा। इसी प्रकार अन्य ग्रहों का लत्ता दोष भी जानें।

### ◆ २. पातदोष चक्र ◆

हर्षण, वैधृति, साध्य, व्यतिपात, गण्ड और शूल योगों का अंत जिस नक्षत्र में हो वह पात से दूषित होता है। इन नक्षत्रों में विवाह करने से पात दोष होता है।

| विवाह नक्षत्र | रो. | मृग. | मघा | उ.फा. | हस्त | स्वाति | अनु. | मूल | उ.षा. | उ.भा. | रेवती |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सूर्याधिष्ठित नक्षत्र | आर्द्रा | मृ. | अश्वि. | कृ. | भ. | कृ. | अश्वि. | रो. | भ. | भ. | अश्वि. |
| | पुन. | आ. | मृ. | आ. | मृ. | श्र. | आ. | ज्ये. | पुन. | श. | म. |
| | श. | ज्ये. | ज्ये. | वि. | श. | ध. | उषा. | ध. | श. | वि. | ध. |
| | पूफा. | ध. | पुष्य | पूफा. | पूभा. | पुष्य | पूभा. | अश्ले. | वि. | उफा. | ज्ये. |
| | चि. | म. | ह. | उभा. | स्वा. | ह. | पूषा. | मू. | अनु. | मू. | पूफा. |
| | मू. | ह. | रे. | पूभा. | म. | रे. | पूफा. | उभा. | उषा. | पूफा. | स्वा. |

### ◆ ३. युतिदोष ◆

जिस नक्षत्र का विवाह हो उसी नक्षत्र में यदि कोई ग्रह हो तो उस ग्रह का युतिदोष समझा जाता है। चन्द्र उच्च, मित्र वा स्वक्षेत्री हो तो युतिदोष नहीं होता, अपितु श्रेष्ठ होता है। सूर्य, मंगल, शनि, राहु, केतु की युति दारिद्रय, मृत्यु आदि भयप्रद मानी गई है।

### ◆ ४. वेध दोष चक्र ◆

| अश्विनी | रोहिणी | मृगशिरा | मघा | उफा. | हस्त | चित्रा | स्वाति | अनुराधा | मूल | उषा. | श्रवण | धनिष्ठा | उ.भा. | रेवती |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पूफा. | अभिजित | उषा. | श्रवण | रेवती | उभा. | पूभा. | शत. | भरणी | पुनर्वसु | मृग. | मघा | आश्लेषा | हस्त | उफा. |

उपर के नक्षत्र का विवाह और नीचे के नक्षत्र पर क्रूर ग्रह हो तो वेधदोष होता है, यह सर्वत्र अवश्य ही त्याग देना चाहिए।

### ◆ ५. जामित्र दोष चक्र ◆

विवाह लग्न से सातवें ग्रह होने से जामित्र दोष होता है। उपर वाली पंक्ति में विवाह नक्षत्र हैं। यानि १४ वें नक्षत्र में पापी ग्रह का जामित्र दोष वर्जनीय है।

| अश्विनी | रोहिणी | मृगशिरा | मघा | उफा. | हस्त | चित्रा | स्वाति | अनुराधा | मूल | उषा. | श्रवण | धनिष्ठा | उभा. | रेवती |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चित्रा | अनुराधा | ज्येष्ठा | धनिष्ठा | पूभा. | उभा. | रेवती | अश्विनी | कृतिका | मृगशिरा | पुनर्वसु | पुष्य | आश्लेषा | उफा. | हस्त |

### ◆ ६. बाणज्ञान सुलभ चक्र ◆

| बाण नाम | सूर्य के गतांश प्रत्येक राशि के | वर्जित वार | वर्जित कार्य | वर्जित समय |
|---|---|---|---|---|
| रोग | ८/१७/२६ | रविवार | उपनयन | रात्रि |
| अग्नि | २/११/२०/२९ | मंगलवार | गृहप्रवेश | दिन–रात |
| नृप | ४/१३/२२ | शनिवार | राजसेवा | दिन |
| चौर | ६/१५/२४ | मंगलवार | यात्रा | रात्रि |
| मृत्यु | १/१०/१९/२८ | बुधवार | विवाह | संध्या |

### ◆ ७. एकार्गल दोष ◆

व्याघात, गण्ड, व्यतिपात, विष्कुंभ, शूल, वैधृति, वज्र, परिघ, अतिगंड ये योग हो और सूर्य के नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र अभिजित् सहित गिनने से विषम हो तो एकार्गल दोष होता है।

### ◆ ८. उपग्रह दोष ◆

सूर्य के नक्षत्र से ५ वें, ७ वें, ८ वें, १० वें, १४ वें, १५ वें, १८ वें, १९ वें, २१ वें, २२ वें, २३ वें, २४ वें, २५ वें नक्षत्र पर चन्द्र हो तो उपग्रह दोष होता है।

### ◆ ९. क्रान्तिसाम्य दोष चक्र ◆

| मेष | वृष | मिथुन | कर्क | कन्या | तुला |
|---|---|---|---|---|---|
| सिंह | मकर | धनु | वृश्चिक | मीन | कुंभ |

नीचे दी गई सारणी में पंक्ति १ और २ में दी गई राशि क्रमशः में कहीं भी सूर्य एवं चन्द्रमा हो तो स्थूल रूप से क्रांतिसाम्य दोष होता है। यह सर्वत्र वर्जित है। जैसे – मेष के सूर्य और सिंह के चन्द्रमा में या सिंह के सूर्य और मेष के चन्द्रमा में होता है। हमारे निर्णयसागर पंचांग के विवाह मुहूर्त शोधन में गणितागत सूक्ष्म क्रांतिसाम्य ही लिया गया है। जो महापात से गणित करना चाहिए।

### ◆ १०. दग्धा तिथि दोष ◆

| सूर्य राशि | धनु | वृष | कर्क | कन्या | सिंह | मकर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | मीन | कुंभ | मेष | मिथुन | वृश्चिक | तुला |
| तिथि | २ | ४ | ६ | ८ | १० | १२ |

इन संक्रान्तियों के सौर मास में ये दग्धा तिथियां विवाह में वर्जनीय हैं। इनका उपयोग संभाग विशेष पर निर्भर करता है।

## ● स्वयंसिद्ध-मुहूर्त्त सूत्रम् ●

प्रतिपद्वत्सरादि या तृतीया क्षय्यसंज्ञिका । दशमी विजयाख्या च मुहूर्त्तास्त्रय ईरिता: ।। प्रतिपत्कार्त्तिके शुक्ले स मुहूर्त्तोऽर्ध संज्ञक । स्वयंसिद्धा इमेज्ञेया: सर्वकार्य प्रसाधका: ।। ये ३।। साढे तीन मुहूर्त्त अबूझ संज्ञक तथा आश्विन सुदी की दशमी, दीपावली, प्रदोष वेला, आषाढ सुदी भडली नवमी तथा कार्त्तिक सुदी की देवप्रबोध एकादशी एवं माघ मध्य वसंत पंचमी, फाल्गुन शुक्ल २ फुलेरा दूज आदि भी मतान्तर से अनपूछा मुहूर्त्त संज्ञक लोकाचार में मान्य

## ♠ पुनरपिशास्त्रीय वचन ♠

वर्षादौ प्रतिपच्चैव दशमी विजयाभिधा। अक्षयाख्या तृतीया च कार्त्तिकी प्रतिपत्सिते ।। सार्धतिस्त्र: दिनान्येते शुभेषु सिद्धिदायक: । नात्र दोषो भवेत्किञ्चिनित्यं च शुभवर्धते ।। अर्थात् नववर्ष प्रतिपदा, विजयादशमी, अक्षय तृतीया, कार्त्तिक सुदी प्रतिपदा अर्द्धभाग समयोचित समाधान कारक

## ♠ अष्टादश पुराणादिक संख्या ♠

### ● अस्माकं सनातन सांस्कृतिक समृद्धि: ●

यद्यपि पौराणिक शैली प्रधानतया त्रैगुण्य-रचना और प्रकृति की विकासक है तथा प्रत्येक पुराण में गुणत्रय और गुणातीत संसार एवं अव्यक्त ब्रह्म का प्रतिपादन और उस प्रतिपाद्य की प्राप्ति का विधान है। वैदिक प्रक्रिया के अनुसार सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड तीन भागों में विभक्त है। १ पृथ्वी, २ अन्तरिक्ष, ३ द्यौ: तथा काल क्रमानुसार इन तीनों में ६-६ परिवर्तन होते हैं १ सत्ता, २ उत्पत्ति, ३ बुद्धि, ४ परिपाक, ५ अपचय, ६ विनाश एवं ३ से प्रत्येक विकारों की गणना करने से १८ संख्या बनती है। १८ पुराण इन तीनों स्थानों की सृष्टि-प्रलय आदि का निरूपण करते हैं। अत: १८ भाव विकारों को व्यक्त करने के लिये पुराण भी १८ माने गये हैं। १ ब्रह्म पुराण, २ पद्म पुराण, ३ विष्णु पुराण, ४ शिव पुराण, ५ श्रीमद् भावगत पुराण, ६ नारदीय पुराण, ७ मार्कण्डेय पुराण, ८ अग्निपुराण, ९ भविष्यपुराण, १० ब्रह्मवैवर्त्तपुराण, ११ लिंग पुराण, १२ वाराह पुराण, १३ स्कन्द पुराण, १४ वामन पुराण, १५ कूर्म पुराण, १६ मत्स्य पुराण, १७ गरूड़ पुराण, १८ ब्रह्माण्ड पुराण। पुराण लक्षण : सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणि च। वंशानुचरितञ्चैव पुराणं पञ्च लक्षणम् ।। पुराणे ही कथा दिव्या आदि वशा च धीमताम्। कथ्यन्ते ये पुरास्माभि: श्रुतपूर्व पितुस्तव ।।



## ♠ श्री प्रभु प्रार्थना-प्रत्याकर्षण सूत्र ♠

दैनिक व्यस्ततम जनजीवन में यथाशक्ति-श्रद्धा-भक्ति-निष्ठापूर्वक अपने श्रीइष्टदेव एवमेव श्रीदेवी शक्ति तत्व की उपासना प्रार्थना नियमित करना चाहिये। प्रति सद्गृहस्थ्य हेतु यह एक अनुपम सार्थक-फलद-पुण्यद सन्मार्ग है। इस प्रार्थना शक्तिजनित प्रभामण्डल के विकसित होने पर जीवनीय विषम विबाधा-समस्या का निवारण एवं विशेषकर मूल प्रकृति जनित "अहं तत्व भाव" विकार का शमन-निराकरण समाधान बनना भी सर्वधर्म सम्मत शाश्वत सूत्र है। इस युग के महामना महात्मा गांधीजी द्वारा भी किसी भी प्रायोजन-आयोजन के प्रथम "प्रार्थना तत्व" का समावेश किया जाता रहा है तथापि धर्मशास्त्रीय उद्घोषणा भी यही है कि "देवो भूत्वा देवं यजेत्" भावेन लभते सर्व भावेन देव दर्शनम्। भावेन परमं ज्ञानं तस्माद् भावाऽवलम्बनम् ।। अर्थात् अपने इष्टदेव का स्तोत्र पाठ जप-पूजन-ध्यान-कीर्तन-भजन-प्रार्थना-अनुष्ठान आदि कर्म सर्वदा सात्विक, पवित्र अन्त:करण एवं निष्काम मनोभावना से सम्पन्न करना चाहिये एवं पंच भौतिक देहधारी मानव-मनुष्य ग्रहजनित विबाधा-आधि व्याधि से भी मुक्त होकर शाश्वत सुगम शांत गतिक जीवनक्रम का अनुभव सहज भाविक प्राप्त कर सकता है। इस विषयक शास्त्रीय सूत्र-रोगार्त्तो मुच्यते रोगाद्बद्धो मुच्येत बन्धनात्। भयान्मुच्येत भीतस्तु मुच्येतापन्न आपद: ।। प्रार्थना हमारे आंतरिक परिवर्त्तनों में महत्वपूर्ण भूमिका बनाती है जब भी हम प्रार्थना करते हैं तो हमारे कलुषित विचार तिरोहित हो जाते हैं तथा इससे हमारा मन शरीर स्वस्थ्य-पवित्र-प्रफुल्लित होता है एवं तथ्य सार यह भी कि प्रार्थना एक प्रक्रिया है - आत्मा को परमात्मा के पथ का राही बनने का तथा इस सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के रचियता परिपालक सर्वेश्वर की परम शक्ति सत्ता संचेतना समाधार विधायक तत्व का सुगम सन्मार्ग। तदर्थ ही शास्त्रीय वचनामृत सूत्र- करोति सततं यो हि तन्नामगुणकीर्त्तनम्। कालं मृत्युं स जयति जन्म रोगं जरां भयम् ।। नाऽहं वसामि वैकुण्ठे योगिनां हृदये न च। मद्भक्ता यत्र गायन्ति तिष्ठामि तत्र नारद ।। ॐ अपवित्र: पवित्रो वा सर्वाऽवस्थां गतोऽपि वा। य: स्मरेत् पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तर: शुचि: ।। अष्टादश पुराणेषु व्यासस्य वचनद्वयम्। परोपकार: पुण्याय पापाय पर पीड़नम् ।। उत्तम सद्विचार रहें, करे मनुष्य सतकर्म। जो चाहे सो प्राप्त करें, संकल्पित मन का धर्म ।। जाना सब को एक दिन तज धन औ परिवार। आनन्द सूत्र ऐश्वर्य-मद ये मिथ्या अधिकार ।। ☆ कृणवन्तो विश्वमार्यम्-जीवेम शरद शतम् ☆

## ✷☆ मानवीय आत्म तत्व संबोध ☆✷

● इस नर देह शरीर का राजा आत्मा है। बुद्धि-शरीर का मंत्री। तथा मन-शरीर का सेनापति। एवमेव सभी ज्ञान-कर्म आदि इन्द्रियां शरीर की सेनाएँ हैं। यदि राजा सुषुप्त-सोया हुआ अथवा अज्ञान से विभ्रमित है तो मंत्री तथा सेनापति अपनी सेना द्वारा राजा को पराभव प्रदान करते-आधीन कर लेते हैं तथा यदि राजा संज्ञा एवं विवेकशील हो तथा अपने राजा होने का ज्ञान हो तो वह बुद्धिबल द्वारा मन को वश में करके अनैतिक क्रियाओं से बचकर सांसारिक-अव्यावहारिक कामनाओं का हनन कर सकता है। इस नियामक अनुसार निष्काम-कर्मयोगी परम पुरूष पद भी सहज ही प्राप्त कर सकता है।

✷ शरीर - मन - बुद्धि - आत्मा ✷
कर्मयोग - भक्तियोग - ज्ञानयोग - बुद्धियोग

शब्द: स्पर्शश्च रूपं च रसो गन्ध: क्रमाद् गुणा:
आकाश वायु अग्नि जल पृथ्वी

खनिलाग्न्यब्भुवामेक गुणवृद्ध्यन्वय: परे ।।

(१) पृथ्वी-जल-अग्नि-वायु-आकाशा। मन-बुद्धि-अहंकार। इन अष्टधा तत्व विषय पर आधारित ही मूलतया प्रकृति रचना है।

(२) जल पृथ्वी से सूक्ष्म है। अग्नि तत्व जल तत्व से सूक्ष्म है। अग्नि तत्व से वायु तत्व सूक्ष्म है। आकाश तत्व पंच भौतिक तत्वों में सबसे अधिक सूक्ष्म है। इन पंचभौतिक तत्वों से भी अधिक सूक्ष्म प्रकृति के तीन तत्व हैं मन-बुद्धि-अहंकार। आत्मा के संयोग से इन तीनों का समुच्चय चित्त या अंत:करण कहाता है। मन आकाश तत्व से अधिक सूक्ष्म है। तथा बुद्धि मन से अधिक सूक्ष्म तथा अहंकार बुद्धि से अधिक सूक्ष्म है। अंत:करण के ये तीन अंग "मन-बुद्धि-अहंकार" से आत्मा के देह छोड़ने के उपरान्त सारहीन ही हैं।

## शाश्वत ध्रुव-धर्म सूत्रावली

★ भोगा न भुक्ता वयमेव भुक्ता स्तपो न तप्तं वयमेव तप्ता: ।
कालो न यातो वयमेव याता स्तृष्णा न जीर्णा वयमेव जीर्णा: ।।
★ आत्मन: प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत् ।
परोपकार: पुण्याय-पापाय परपीड़नम् ।।
★ अष्टादशपुराणेषु व्यासस्य वचनद्वयम् ।
परोपकार: पुण्याय-पापाय परपीड़नम् ।।
★ सत्यान्नास्ति परो धर्मो नानृतात्पातकं परम् ।
स्वधर्मे निधनं श्रेय: परधर्मो भयावह: ।।

★ मुखो पवित्रं यदि रामनामं । हृदयपवित्रं यदि ब्रह्मज्ञानम् ।
चरणौ पवित्रं यदि तीर्थ गमनं । हस्तौ पवित्रं यदि पुण्यदानम् ।।
★ अत्यन्त कोप: कटुका च वाणी दरिद्रता च स्वजनेषु वैरम् ।
नीचप्रसंग: कुलहीन सेवा चिह्नानि देहे नरक स्थितानाम् ।।
★ निन्दन्तु नीतिनिपुणा यदि वा स्तुवन्तु ।
लक्ष्मी: समाविशतु गच्छतु या यथेष्टम् ।
अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा ।
न्याय्यात्पथ: प्रविचलन्तु पदं न धीरा: ।। ★

### ◆ दुष्ट पंचांग कुयोग परिहार

तथा शास्त्रसम्मत अनुदान सूत्र यह कि ◆ दुष्टयोगे हेम चन्द्रे च शंखं धान्यं तिथ्यर्धे तिथौ तण्डुलांश्च। वारे रत्नं भे च तारासु राजा ।। योग-दुष्ट कुयोगद हो तो स्वर्णदान, चन्द्रमा-हेतु शंख, करण-हेतु धान्य, तिथि-हेतु चांवल, दिन-हेतु रत्न-मुद्रादि, नक्षत्र-हेतु गोदान, नाड़ी-हेतु स्वर्णदान, तारा हित नमक आदि के अनुदान से सरलतया परिहार बनता है।

### ✷ विवाहे शुद्धिचक्रं तथा गोचर ग्रहफल शुभाऽशुभ ज्ञानचक्रम् ✷

यादृशेन शशांकेनग्रह: संचरते नृणाम् ।। तादृशं फलमाप्नोति शुभं वा यदि वाऽशुभम् ।। शोभन से ठीक, पूज्य से सामान्य, निन्द्य से अशुभ समझें। ● विशेष वचनानुसार वर पक्ष में १२ चन्द्र शुभ मान्य तथा कन्या हेतु १२ वाँ चन्द्र मान्य नहीं। ● स्त्रीणां गुरूबलं श्रेष्ठं पुरूषाणां रवेर्बलम्। तयोश्चन्द्रबलं श्रेष्ठमिति गर्गेण निश्चितम् ।। गोचरे वा विलग्ने वा ये ग्रहारिष्ट सूचका: । पूजयेत्तान प्रयत्नेन पूजिता स्यु: शुभप्रदा: ।।

| सूर्य: | चन्द्र: | मंगल: | बुध: | गुरू: | शुक्र: | श.रा.के. | ग्रहा: |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ३।६ १०।११ | १।२।३।५।६। ७।९।१०।११ | ३।६ १०।११ | २।६ १०।११ | २।५।७ ९।११ | १।२।३ ९।११ | ३।६ १०।११ | शोभन |
| १।२।५ ७।९ | ० | १।२।५ ७।९ | १।३।५ ७।९ | १।३।६ १० | ५।६ ७।१० | १।२।५ ७।९ | पूज्य |
| ४।८।१२ | ४।८।१२ | ४।८।१२ | ४।८।१२ | ४।८।१२ | ४।८।१२ | ४।८।१२ | निन्द्य |

## ● अष्टक वर्ग शोधन-साधना ●

प्रतिवार्षिक ग्रहगोचरीय चलन कलन अनुसार ग्रह एवं लग्न बल हेतु रेखाष्टक वर्ग रेखा बल की मान्यता ज्योतिर्विद समाज में पुरातन समय से ही प्रचलित है। इष्ट मुहूर्त्त अथवा अन्य कार्य विषयक दिवस पर अष्टकवर्ग रेखा बल की गणना बनने पर नेष्ट अशुभ संज्ञा ४-८-१२ गोचर ग्रह भी शुभ श्रीकार संज्ञा का मान्य हो जाता है। यथा ही शास्त्रीय सूत्र - **अष्टवर्गेण ये शुद्धास्ते शुद्धाः सर्व कर्मसु। सूक्ष्माऽष्टवर्गसंशुद्धिः स्थूला शुद्धिस्तु गोचरे॥** पुनरपि मुहूर्त्तग्रन्थान्तरे शास्त्रीय सूत्र - **अष्टवर्गविशुद्धेषु गुरूशीतांशुभानुषु। व्रतोद्वाहौ च कर्त्तव्यो गोचरे न कदाचन्॥ तावद् गोचरमन्वेष्यं यावन्न प्राप्यतेऽष्टकम्। अष्टवर्गे तु सम्प्राप्ते गोचरं विफलं भवेत्॥** इष्ट मुहूर्त्त दिवस अथवा विवाह लग्नादि समय पर सूर्य+चन्द्र+गुरू का अपना अपना रेखाष्टक बल प्राप्त करें यदि १ से ३ रेखा इष्ट ग्रह की आवे तो इष्ट ग्रह को रेखा बल मान्य नहीं होवें। यदि ४ या इससे अधिक ८ अंक मध्य तक रेखा बल प्राप्त होने पर गोचर गणनीय ४-८-१२ गणना के सूर्य+चन्द्र+गुरू गोचर में रहते भी मांगलिक कार्य का समाधान-विधान मुहूर्त्त शास्त्र सम्मत है। सभी ग्रहों के रेखाबल कोष्टक निर्णयसागरीय पंचांग संवत् २०७२ पृष्ठ संख्या ६८ पर स्पष्ट दिये गये हैं। जिस ग्रह का रेखाबल प्राप्त करना होवे उसकी कुण्डली रचना (जन्म कुण्डली अथवा चन्द्र लग्न कुण्डली की तरह कर लेवें) अर्थात् अभीष्ट ग्रह को इष्ट दिवस की ग्रह राशि अनुसार लग्न भाव मानते प्रथम भाव में रखते-अन्य इष्ट दिवस के गोचर ग्रह पंचांग में देखकर लिख लेवें। इस प्रकार जिस ग्रह का रेखा बल प्राप्त करना है उसकी स्थिति रचना बन जावेगी। तथा जो भी इष्टकालिक लग्न हो उस राशि भाव के स्थान पर लग्न लिख देवें। इस उपरान्त इष्ट ग्रह का रेखाबल कोष्ठक पंचांग में देखें। तथा इष्ट ग्रह की कोष्ठक रचना संख्या-भाव अनुसार ग्रह विषयक रेखा लगावें। यथा-गुरू रेखाष्टक **कोष्ठ** में सूर्य राशि भाव स्थान से १-२-३-४-७-८-९-१०-११ भाव में गुरू रहते पुनरपि १-। रेखा गुरू को प्राप्त। एवमेव चन्द्र राशि भाव से २-५-७-९-११ भाव में गुरू रहते १-। रेखा और भी। इसी प्रकार अवशेष मं.बु.गु.शु.श. तथा लग्न भाव स्थान से रेखा प्रदान करते यदि ४ **रेखा अथवा अधिक** रेखा गुरू को प्राप्त बनते रेखा बलिष्ट-गुरू शुभ ही मान्य रहेंगा। एवमेव इष्ट दिवस के सूर्य चन्द्रादि कुण्डली रचना करके रेखा बल भी विदित कर सकते हैं।

## मूलादिक-गण्डान्तक ✱ जन्म नक्षत्र ✱

नवजात शिशु-बालक के जन्म समय पर रेवती-अश्विनी। आश्लेषा-मघा। ज्येष्ठा-मूल आदि नक्षत्रों में जन्म होने पर गण्ड नक्षत्र मूलादि संज्ञा से जन्म माना जाता है। इन नक्षत्र समाप्त स्थिति समय से भावी नवीन नक्षत्र तथा नवीन राशि की गणना बनते गण्डान्त नक्षत्र की शान्ति मान्यता। तथापि-इन नक्षत्रों में भी चरण भेद से शुभ-अशुभ निर्णय बनता है। तथापि वेदिक साहित्य में इन नक्षत्रों की शान्ति साधना हेतु ये अभिमन्त्र है।

## ♣ गंड मूल नक्षत्र शांति मंत्र ♣

(१) **रेवती** (पूषा) : ॐ पूषन् तवव्रते वयं नरिष्येम कदाचन स्तोतारस्त इहस्मसि। ॐ पूष्णे नमः।

▲ सर्वेषां कृते जप संख्या-यथाशक्ति ▲

(२) **अश्विनी** नक्षत्र (स्वामित्व अश्विनी कुमार) : ॐ अश्विनातेजसाचक्षुः प्राणेन सरस्वतीवीर्यम्। वाचेन्द्रोबलेनेंद्राय दधुरिन्द्रियम्। ॐ अश्विनी कुमाराभ्यां नमः॥

(३) **अश्लेषा** (स्वामित्व सर्प) : ॐ नमोस्तु सर्प्पेभ्यो ये के च पृथिवी मनुः ये अन्तरिक्षे ये दिवितेभ्यः सर्प्पेभ्यो नमः॥ ॐ सर्प्पेभ्यो नमः॥

| ०१ | ०३ | ०५ | ०७ | ०९ | ११ | १३ | १५ | १७ | १८ | १९ |
| ०२ | ०३ | ०५ | ०७ | ०९ | ११ | १३ | १६ | १८ | २० | २० |
| ०२ | ०४ | ०६ | ०८ | १० | १२ | १४ | १७ | १९ | २१ | २१ |
| ०२ | ०४ | ०६ | ०८ | ११ | १३ | १५ | १७ | २० | २३ | २२ |
| ०२ | ०४ | ०७ | ०९ | ११ | १३ | १६ | १८ | २१ | २४ | २३ |
| ०२ | ०५ | ०७ | ०९ | १२ | १४ | १७ | १९ | २२ | २५ | २४ |
| २७ | २८ | २९ | ३० | ३१ | ३२ | ३३ | ३४ | ३५ | ३६ | |

- **पंचामृत** - गोघृत, गौदुग्ध, गाय का दही, गंगोदक, शहद।
- **पंचगव्य** - गोबर, गौमूत्र, गौदुग्ध, गौघृत, गाय का दही
- **पंच रत्न** - स्वर्ण, रजत, ताम्र, प्रवाल, मोती।
- **पंचपल्लव** - पीपलपत्ता, आम पत्ता, गूलर पत्ता, बड़पत्ता, पिलखन (अशोक)।
- **सप्तमृतिका** - हाथी स्थान, अश्व स्थान, वाल्मिक, दीमक, नदी संगम, तालाब, गौशाला+राजद्वार।
- **सप्तधान्य** - जौ, गेहूँ, चांवल, तिल, कांगनी, उड़द, मूँग
- **सप्तधातु**- सोना, चाँदी, ताम्बा, लोहा, राँगा, सीसा, आरकूट
- **अष्टमहादान** - कपास, नमक, घी, सप्तधान्य, स्वर्ण, लोहा, भूमि, गौदान।
- **अष्टांगअर्ध्य** - जल, पुष्प, कुशा का अग्रभाग, दही, चाँवल, केशर, दूर्वा, सुपारी
- **दशमहादान**- गौ, भूमि, तिल, स्वर्ण, घी, वस्त्र, धान्य, गुड़, चाँदी, लवण।
- **पंचोपचार** - गन्ध (चन्दनादि), पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य
- **पंचदेव** - सूर्य, गणेश, शक्ति, शिव, विष्णु

## ❋ समय भेद - अन्तरांश ❋

ग्रह गणित नियम से २४ घण्टे एक अहोरात्र में सूर्यनारायण ३६० अंश का गतिक्रम पूर्ण कर लेते हैं तो १८० अंश पूर्ति में १२ घण्टे तथा ९० अंश भोग करने में ६ घण्टे लग पाते हैं एवं अनुपात गणना नियामक से २४ घण्टे में ३६० अंश रवि गतिचार तो १ घण्टा में क्या ? अर्थात् १५ अंश १ घण्टा में गमन होता है एवं १ घण्टा में (६० मिनिट) १५ अंश रविगमन तो १ अंश चलने में ४ मिनिट का चालक बनता है। अर्थात् अभिष्ट पंचांग गणना देश नगर से अन्यत्र १ अंश में ४ मिनिट का गतिभेद बनता है। जोधपुर से अक्षांश-रेखांश से पूर्व देशों में प्रति १ अंशान्तर में ४ मिनिट ऋण फल तथा पश्चिम देश संभाग में ४ मिनिट धनफल का रवि गतिचालक बनता है।

## ✿ चरान्तर फल अंक ज्ञान विधि ✿

इष्ट स्थानीयाऽक्षांशा-इष्टदिनांकीया: क्रांति। अनुयोर्गुणनं फलं तस्य यः पंचमांशः, तदिष्ट दिने पलात्मकं रूपकं चरं संभवित इस सूत्र से स्पष्ट चरान्तर संस्कार प्राप्त होता ही है। परन्तु इष्ट देशीय पंचांग गणनात: सुलभ साधित अनुपातिक गणना के चर फलांक चरान्तर सारिणी में प्रस्तुत हैं जो मिनिट संज्ञा में है मिनिट में २॥ गुणित करें तो पलात्मक संज्ञा का भी फल प्रतीत होगा। यथा १ जून ८५ ई. को देहली का चरान्तर जानना है तो दैनिक रवि क्रांति सारिणी से इस दिन की रवि क्रांति २१ अं.५९ कला **'अर्धाधिकं रूपं स्यात्'** नियम से २२ अंश तथा रेखांश अक्षांश सारिणी से प्राप्त देहली अक्षांश २८।३८ है। चरान्तर सारिणी में २८ अक्षांश व २२ क्रांति सम्पात पर फलांक ४ मिनिट, परन्तु देहली अक्षांश २८॥ होने से २८-२९ अक्षांश मध्य फल अनुपातिक ५ मिनिट, चर फल प्राप्त हुआ जो कि २७ से ३६ अक्षांश मध्य वश फल उत्तरा क्रांति में - ऋण संज्ञक ▲ पुनरपि यथा नागपुर अक्षांश २१।९ तथा क्रांति अंश २२ उत्तरा। चर सारिणी में सम्पात इन दोनों का देखा १० मिनिट चर फल है। अक्षांश ८ से २६ मध्य वश उत्तरा क्रांति में + संज्ञक ▲ १ जून को रवि उदय जोधपुर स्टै. टा. ५ घं. ५० मि. है इससे देहली सूर्योदय हेतु ऋणात्मक ५ चर मिनिट कम किये ५।४५ इसमें देशान्तर संस्कार अक्षांश रेखांश सारिणी से प्राप्त + धन ४२ पल, २॥ ढाई का भाग देने से १७ मिनिट बने जो ५।४५ में कम करने से ५।२८ देहली सूर्योदय स्टे. टा. का आया। ▲ **दिनमान संकेत - सूर्योदयास्त हेतु देशान्तर फल इस पंचांग के सूर्योदयास्त में जहां धन चिह्न हो तो वहां ऋण करें, तथा ऋण हो तो धन।** सूर्यास्त तथा दिनमान हेतु देहली चर फल ५ मिनिट-ऋण इसे नियमत: ५ से गुणा करें तो २५ पल बने जोधपुर दिनमान १ जून को ३३ घडी ५० पल में धन किया तो ३४ घटी १५ पल देहली का दिनमान बना। ▲ **संकेत** - दिनमान हेतु चरान्तर मिनिट से विपरीत धन ऋण करना चाहिए। यहाँ चर मि. ऋण है तो धन किया। दिनमान ३४ घटी १५ पल के घंटा मिनिट २॥ का भाग देने से प्राप्त १३ घन्टा ४२ मि. आये तथा इसे देहली सूर्योदय ५।२८ में जोड़े तो १९ घं. १० मि. स्टै. टा. का सूर्यास्त देहली का बना। इसी प्रकार इस पंचांग के सूर्योदयादि से अन्यत्र किसी भी शहर के विदित कर सकते हैं। एवं सर्वदेशीय संस्कारित इष्ट नगरीय मान्य पंचांग विदित होगा।

## ❋ उदयान्तर-वेलान्तर मिनिट सारणी रचना ❋

| तारीख | जन. मि. | फर मि. | मार्च मि. | अप्रैल मि. | मई मि. | जून मि. | जुलाई मि. | अग. मि. | सित मि. | अक्टू मि. | नवं. मि. | दिस. मि. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | -४ | -१४ | -१२ | -०४ | +०३ | +०२ | -०४ | -०६ | +०० | +१० | +१६ | +११ |
| २ | -४ | -१४ | -१२ | -०४ | +०३ | +०२ | -०४ | -०६ | +०० | +११ | +१६ | +१० |
| ३ | -५ | -१४ | -१२ | -०३ | +०३ | +०२ | -०४ | -०६ | +०१ | +११ | +१६ | +१० |
| ४ | -५ | -१४ | -१२ | -०३ | +०३ | +०२ | -०४ | -०६ | +०१ | +११ | +१६ | +१० |
| ५ | -६ | -१४ | -१२ | -०३ | +०४ | +०२ | -०४ | -०६ | +०१ | +१२ | +१६ | +०९ |
| ६ | -६ | -१४ | -११ | -०२ | +०४ | +०२ | -०४ | -०६ | +०२ | +१२ | +१६ | +०९ |
| ७ | -७ | -१४ | -११ | -०२ | +०४ | +०१ | -०५ | -०६ | +०२ | +१२ | +१६ | +०८ |
| ८ | -७ | -१४ | -११ | -०२ | +०४ | +०१ | -०५ | -०५ | +०२ | +१२ | +१६ | +०८ |
| ९ | -७ | -१४ | -११ | -०२ | +०४ | +०१ | -०५ | -०५ | +०३ | +१३ | +१६ | +०७ |
| १० | -८ | -१४ | -१० | -०१ | +०४ | +०१ | -०५ | -०५ | +०३ | +१३ | +१६ | +०७ |
| ११ | -८ | -१४ | -१० | -०१ | +०४ | +०१ | -०५ | -०५ | +०३ | +१३ | +१६ | +०६ |
| १२ | -९ | -१४ | -१० | -०१ | +०४ | +०० | -०५ | -०५ | +०४ | +१४ | +१६ | +०६ |
| १३ | -९ | -१४ | -१० | -०० | +०४ | +०० | -०५ | -०५ | +०४ | +१४ | +१६ | +०६ |
| १४ | -९ | -१४ | -०९ | -०० | +०४ | -०० | -०६ | -०४ | +०५ | +१४ | +१५ | +०५ |
| १५ | -१० | -१४ | -०९ | +०० | +०४ | -०० | -०६ | -०४ | +०५ | +१४ | +१५ | +०५ |
| १६ | -१० | -१४ | -०९ | +०० | +०४ | -०० | -०६ | -०४ | +०५ | +१४ | +१५ | +०४ |
| १७ | -१० | -१४ | -०८ | +०१ | +०४ | -०१ | -०६ | -०४ | +०६ | +१५ | +१५ | +०४ |
| १८ | -११ | -१४ | -०८ | +०१ | +०४ | -०१ | -०६ | -०४ | +०६ | +१५ | +१५ | +०३ |
| १९ | -११ | -१४ | -०८ | +०१ | +०४ | -०१ | -०६ | -०३ | +०६ | +१५ | +१४ | +०३ |
| २० | -११ | -१४ | -०८ | +०१ | +०४ | -०१ | -०६ | -०३ | +०७ | +१५ | +१४ | +०२ |
| २१ | -१२ | -१४ | -०७ | +०१ | +०४ | -०२ | -०६ | -०३ | +०७ | +१५ | +१४ | +०२ |
| २२ | -१२ | -१४ | -०७ | +०२ | +०४ | -०२ | -०६ | -०३ | +०७ | +१५ | +१४ | +०१ |
| २३ | -१२ | -१४ | -०७ | +०२ | +०३ | -०२ | -०६ | -०२ | +०८ | +१६ | +१३ | +०१ |
| २४ | -१२ | -१३ | -०६ | +०२ | +०३ | -०२ | -०६ | -०२ | +०८ | +१६ | +१३ | +०० |
| २५ | -१३ | -१३ | -०६ | +०२ | +०३ | -०२ | -०६ | -०२ | +०८ | +१६ | +१३ | +०० |
| २६ | -१३ | -१३ | -०६ | +०२ | +०३ | -०३ | -०६ | -०२ | +०९ | +१६ | +१२ | -०१ |
| २७ | -१३ | -१३ | -०५ | +०२ | +०३ | -०३ | -०६ | -०१ | +०९ | +१६ | +१२ | -०१ |
| २८ | -१३ | -१३ | -०५ | +०३ | +०३ | -०३ | -०६ | -०१ | +०९ | +१६ | +१२ | -०२ |
| २९ | -१३ | -१२ | -०५ | +०३ | +०३ | -०३ | -०६ | -०१ | +१० | +१६ | +११ | -०२ |
| ३० | -१४ | - | -०४ | +०३ | +०३ | -०३ | -०६ | -०० | +१० | +१६ | +११ | -०३ |
| ३१ | -१४ | - | -०४ | + | +०३ | - | -०६ | -०० | + | +१६ | + | -०३ |

▲●▲ **उपकरण हेतु** - स्टेण्डर्ड समय को देशी स्थानिक करने हेतु सारणी अनुसार + धन अथवा -ऋण करें तथा देशी स्थानिक समय को स्टेण्डर्ड समय करने में विपरीत क्रिया करें। धन + चिह्न हो तो ऋण करें तथा - चिह्न हो तो धन + करें।

▲●▲ भारतीय वैदिक शास्त्रों में अनेक प्रकार के स्तोत्र पाठ वाचन की महिमा ग्रह जनित कुयोगद दिनमान एवं ग्रहपीड़ा निवारण हेतु वर्णित हैं। ग्रह पीड़ा के निवारण के साथ ही नित्य की जन-जीवनीय सुख सम्पदा अभिवृद्धि-आत्मशक्ति विकास हेतु भी विविध स्तोत्र वाचन-पठन आदिकाल से प्रचलित है। भारतीय ऋषि-महर्षि द्वारा उपदिष्ट धर्म-संस्कृति एवं सभ्यता की परिचायक स्तोत्रपाठ की परम्परा निरन्तर चली आ रही है। नीति वचन भी है कि ● स्तोत्रं कस्य न तुष्टये ● के अनुसार ऋषि-मुनि तथा इन्द्रादि देवताओं ने भी अपने किसी न किसी उपास्य देवी देवताओं को अपने अभीष्ट सिद्धि-समाधान के निमित्त स्तोत्रों द्वारा अभिवन्दना प्रार्थना की है और अपने कार्य में सफलीभूत भी बने हैं। इसी समाधार पर स्तोत्रों के नित्य के पठन-पाठन का श्रीगणेश भारत वसुन्धरा पर चरितार्थ बना।

### ❋ दुःस्वप्न-नाशक-सूर्यस्तुतिः ❋

आदित्यः प्रथमं नाम द्वितीयं तु दिवाकरः।
तृतीयं भास्करः प्रोक्तं चतुर्थं च प्रभाकरः॥
पंचमं च सहस्रांशुः षष्ठं चैव त्रिलोचनः।
सप्तमं हरदिश्वश्च अष्टमं च विभावसुः॥
नवमं दिनकृत प्रोक्तं दशमं द्वादशात्मकः।
एकादशं त्रयीमूर्त्तिर्द्वादशं सूर्य एव च॥
द्वादशैतानि नामानि प्रातः काले पठेन्नरः।
दुःस्वप्ननाशनं सद्यः सर्वसिद्धि प्रजायते॥
अविमुक्त-चरण-युगलं दक्षिणमूर्तेश्च कुक्कुट - चतुष्कम्।
स्मरणं वाराणस्यां निहन्ति दुःस्वप्नमपशकुनं च॥

इत्यादि स्तोत्र पठन वाचन प्रातः काल करने से विविध प्रकार के दुष्ट स्वप्न दर्शन से मुक्ति प्राप्त होती है तथा विकारयुक्त अनिष्टसूचक स्वप्नदोषादि से निवृत्ति बने शक्तिसामर्थ्य का विकास बनता है एवं श्रीगजेन्द्रमोक्ष का पाठ भी मान्य है।

### ❋ सुख शांति प्रदायक स्तुतिः ❋

पुण्यश्लोको नलो राजा पुण्यश्लोको युधिष्ठिरः।
पुण्यश्लोका च वैदेही पुण्यश्लोको जनार्दनः॥
हरं हरिं हरिश्चन्द्रं हनुमन्तं हलायुधम्।
पंचकं वै स्मरेन्नित्यं घोरसंकटनाशनम्॥
अहल्या द्रोपदी तारा कुन्ती मन्दोदरी तथा
पंचकन्याः स्मरेन्नित्यं महापातक नाशनम्।
अयोध्या मथुरा माया काशी कांचा ह्यवन्तिका।
पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिका॥
कश्यपोऽत्रिर्भरद्वाजो विश्वामित्रौऽथ गौतमः।
जमदग्निर्वसिष्ठश्च सप्तैते ऋषयः स्मृताः॥
तेषांवंशानुवंशानां वेदमंत्रस्य द्रष्टणाम्।
संस्मरामि सदा भक्त्या धर्ममार्ग प्रदर्शकान्॥

इनके नित्य पाठ से नित्य की दिनचर्या व कार्य विबाधा में समाधान सहज भाविक बन पाता है। अवरोधित कार्य एवं विविध समस्या का निवारण भी हो पाता है, अनुभव योग्य सूत्र रचना है।

### ❋ शनिवज्रपञ्जरकवचम् ❋

नीलाम्बरो नीलवपुः कीरीटी गृध्रस्थितस्त्रासकरो धनुष्मान्।
चतुर्भुजः सूर्यसुतः प्रसन्नः सदा मम स्याद वरदः प्रशान्तः॥
कोणस्थः पिंगलो बभ्रुः कृष्णो रौद्रान्तको यमः।
सौरिः शनैश्चरोमन्दः पिप्लाश्रयसंस्थितः॥
एतानि शनि - नामानि जपेदश्वत्थसन्निधौ।
शनैश्चरकृता पीड़ा न कदाऽपि भविष्यति।

इस मंत्र कवच के नित्य पाठ से शनिजनित आदि व्याधि पलायित होकर शान्ति शमन का सन्मार्ग बन पाता है। शमी-खेजड़ा अथवा पीपल वृक्ष के पास इस मंत्र का ७ बार पाठ वाचन विशेष फलद रहता है।

### ❋ सप्त चिरजीवि स्तुतिः ❋

अश्वत्थामा बलिर्व्यासो हनुमांश्च विभीषणः।
कृपः परशुरामश्च सप्तैते चिरजीविनः॥
सप्तैतान् संस्मरेन्नित्यं मार्कण्डेयमथाष्टमम्।
जीवेद् वर्षशतं सोऽपि सर्वव्याधिविवर्जितः॥

इस स्तोत्र श्लोक के पठन वाचन से यात्रा सुखद बनती है, यात्रा के प्रारंभ में इसका वाचन करना चाहिए तथा रोग-विकास-व्याधि से भी निवारण बनते आयुष्य वृद्धि बनती है। इस हेतु नित्य आठ बार प्रातः तथा आठ बार रात्रि शयन के पूर्व उच्चारण करना चाहिए।

**पंचज्ञानेन्द्रीय**

१ नेत्र - २ श्रौत्र (कर्ण) ३ नासिका (घ्राण) ४ त्वक (त्वचा स्पर्श) ५ रसना (जिह्वा) - ये पांच ज्ञानेन्द्रिय संज्ञा से मान्य।

**पंचकर्मेन्द्रीय**

१ वाक् २ हस्त ३ पाद ४ उपस्थ (लिंग) ५ गुदा ये पांच कर्मेन्द्रिय संज्ञा से मान्य।

**शरीरस्थ षडङ्ग**

१ शिरः २ हस्तद्वय १ उदर (पेट) २ पादद्वय - ये शरीर के छः अङ्ग हैं।

**मनस्**

(कर्म विबोधक संज्ञा) मानव नर देह की सुरम्य क्रियाशक्ति एवं नित्य के जीवन गतिक्रम संचलन हेतु उपर्युक्त मूल उपादेय हैं। नवग्रहजनित रश्मि प्रभामण्डल का प्रारूप इन विषयक पक्ष पर ही प्रभावशील बनता है।

❋ **सिद्धि प्रदायक-वाचा शक्ति विवर्धक-सिद्ध शारदा-स्तुतिः** ❋ सरस्वतीं शारदां च कौमारीं ब्रह्मचारिणीम्। वागीश्वरी बुद्धिदात्रीं भारतीं भुवनेश्वरीम्॥ चन्द्रघण्टां मरालस्थां जगन्मातरमुत्तमाम्। वरदायिनीं सदा वन्दे चर्तुर्वगफलप्रदाम्॥ द्वादशैतानि नामानि सततं ध्यानसंयुतः। यः पठेत् तस्य जिह्वाग्रे नूनं वसति शारदा॥

❋ **स्थिरा लक्ष्मी साधना सूत्र** ❋ त्रैलोक्य-पूजिते देवि। कमले विष्णुवल्लभे। यथा त्वमचला कृष्णे तथा भवमयि स्थिरा॥ ईश्वरी कमला लक्ष्मीश्चला भूतिर्हरिप्रिया। पद्मा पद्मालया सम्यगुच्चैः श्री पद्मधारिणी॥ द्वादशैतानि नामानि लक्ष्मीं सम्पूज्य यः पठेत्। स्थिरां लक्ष्मीर्भवेत् तस्य पुत्र-दारादिभिः सह॥

## समाधान सिद्धिसूत्रक – कालहोरा मुहूर्त्त

**यस्य ग्रहस्य वारेषु कर्म किंचित्प्रकीर्तितम् । तस्य ग्रहस्य होरायां सर्व कर्म विधीयते ।।** प्रस्तुत श्लोक मुहूर्त्त शास्त्रीयवचनविशेष का परिचायक है, आवश्यकता विशेष में कार्यसिद्धि समाधान हेतु काल होरा मुहूर्त्त की संरचना शास्त्रकारों ने वर्णित की है। जो कि पुरातन आगमकाल से लोक व्यवहार में स्थिति विशेष पर कार्य समाधान हेतु अपूर्वयोगिक फलद है। सप्त ग्रहों की सप्त ७ होरा बनती हैं, जो कि प्रतिदिन कार्य साधना समाधान हेतु श्रेष्ठ कार्य सूचक समय प्रदान करती हैं। एक होरा का कालांश समय २॥ ढाई घटी अर्थात एक घन्टा का बनता है तथा इस क्रम से प्रत्येक १ घंटे पर काल होरा का समय परिवर्तित होता है। स्थानीय सूर्योदय से क्रमशः प्रतिघन्टा गतिकाल समझें। किस वार की काल होरा के समय कौन-कौन कार्य फलद-योगद-सिद्धिप्रदायक बन पाते हैं, इसका सुलभ विवरण इस प्रकार मुहूर्त्त ग्रन्थों में प्रतिपादित है।

(१) ● **सूर्य की कालहोरा** - आवेदन पत्र देने, राज कार्य अथवा पदअधिग्रहण, शासकीय सेवा कार्य, टेन्डर आदि देने में श्रेष्ठ। (२) ● **चन्द्र होरा** - सभी कार्यों के लिये कल्याण कारक। (३) ● **मंगल होरा** - वाद-विवाद, मुकदमा, कर्ज देना, यात्रा प्रवास, सभा - सोसायटी में गमन तथा न्यायालय विषय कार्य नोटिस, द्यूत क्रीड़ा हेतु श्रेष्ठ। (४) ● **बुध की होरा** - विद्या-कला सीहित्यसंग्रह-विद्या शिक्षा, पठन, पाठन, नवीन लेखन, पुस्तक प्रकाशन, विमोचन, नवीन व्यापार तथा मुद्रण कार्य, कोष संग्रह, प्रार्थना पत्र प्रदान करने हेतु शुभ। (५) ● **गुरूकी होरा** - विवाह विषयक कार्य, संबंध स्थापित करना, उच्च अधिकारी वर्ग से सम्पर्क, व्यवहारगति, नवीन काव्य लेखन, प्रकाशन, बैंक खाता खोलना, वस्तु संग्रह, विद्या अभ्यास तथा अन्य भी विभिन्न शुभ कार्यों हेतु शुभ सूचक। (६) ● **शुक्र की होरा**-छाया चित्र - चलचित्र, फिल्म निर्माण शुभारंभ नवीन वस्त्र तथा आभूषण धारण व निर्माण, यात्रा प्रवास, सौभाग्यवर्धक कार्य-संगीत स्वर साधना हेतु योगद। (७) ● **शनि की होरा** - नवीन गृह निर्माण अथवा प्रवेश, भूमि खरीदी, मशीनरी मिल्स शुभारंभ, द्रव्य संग्रह, गृह नींव खात एवं खनिज खनन कार्य हेतु लाभद

● **सिद्धहोरा (क्षणवार) मुहूर्त्त ज्ञानविधि**- जिस दिन जिस समय कि कालहोरा देखनी होवे, नीचे प्रदत्त काल होरा ज्ञान चक्र कोष्ठक सारिणी से काल होरा समय ज्ञात कर लेवें यथा रविवार को पहली होरा सूर्य २॥ घटी अर्थात् एक घन्टा की, इसके बाद रविवार को ही दूसरी होरा शुक्र की ५ घटी तक, फिर इसी क्रमानुसरा तीसरी ५ से ७॥ घटी तक बुध की होरा एवं अग्रिम ७॥ से १० घटी तक चन्द्र की अर्थात् प्रति १ घंटा वृद्धि से १ घन्टे का समय प्रति १ काल होरा वार का बनता है। कोष्ठक में घटी मान तथा घन्टा मान दोनों स्पष्ट किये गये हैं। इसी क्रम से प्रत्येक दैनिक वार में इष्ट समय की होरा वार काल विदित कर सकते हैं। फलित अन्वेषक आचार्यों ने दैनिक प्रमुख वार से अधिक प्रधानता होरा के (क्षणवार) को प्रदान की है। तथ्य यह भी कि दैनिकवार तथा क्षणवार दोनों अनुकूल होवें तो विशेष फल प्रदाता समय। तथा आवश्यकता में वार दोष विकार होवे तो (क्षणवार) होराकाल के समय शुभ वार की काल होरा में कार्य सम्पन्न करना श्रेयस्कर। यथा अनायास कोई विशेष कार्यवश रविवार को पश्चिम दिशा में यात्रा करना है तो मुहूर्त्त नियामक से रविवार को 'दिशाशूल' यात्रा में होगा, परन्तु उस दिन भी रविवार को सामवार की 'काल होरा' में पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ सूचक अर्थात् अवरोधितवार होने पर उस दिन की इष्ट शुभ होरा में कार्य सम्पन्न कर सकते हैं। पुनरपि फलाशय उदाहरण - आज सोमवार है तथा शासकीय सेवा कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत करना है, इस कार्य के लिये बुध की होरा योग्य फलद लिखी है अतः सोमवार को बुध की होरा (होरा चक्र कोष्ठक) में देखें तो ७-१४-२१ वें घंटे में बुध की होरा समय स्पष्ट लिखा ही है। अतः सोमवार को स्थानीय सूर्योदय से ६ वें, १३ वें अथवा २० वें घंटे के बाद एक-एक घंटे तक की बुध की होरा में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। ▲ तथा प्रति घंटा गणना स्थानीय सूर्योदय से क्रमशः वृद्धिगत समझें। काल होरा (क्षणवार) कोष्ठ रचना निम्नानुसार -

| होरा घंटा | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० | २१ | २२ | २३ | २४ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| होरा घटी | २॥ | ५ | ७॥ | १० | १२॥ | १५ | १७॥ | २० | २२॥ | २५ | २७॥ | ३० | ३२॥ | ३५ | ३७॥ | ४० | ४२॥ | ४५ | ४७॥ | ५० | ५२॥ | ५५ | ५७॥ | ६० |
| सूर्य | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. |
| चन्द्र | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. |
| मंगल | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. |
| बुध | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. |
| गुरू | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. |
| शुक्र | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. |
| शनि | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. | सू. | शु. | बु. | चं. | श. | गु. | मं. |

### भूमिभवनमध्ये कूपखनन स्थानफलम्

**कूपे वास्तोर्मध्यदेशेऽर्थनाशस्त्वैशान्यादौ पुष्टिरैश्वर्यवृद्धिः । सूनोर्नाशः स्त्रीविनाशो मृतिश्च सम्पत् पीड़ा शत्रुतः स्याच्च सौख्यम् ।। श्लोक भावार्थ स्पष्टता चक्र -**

| | | |
|---|---|---|
| ईशान-सौख्य | पूर्व-श्रीवृद्धि | अग्निकोण-पुत्रभार |
| उत्तर-सौख्य | मध्य-हानि | दक्षिण-स्त्रीभार |
| वायव्य-पीड़ा | पश्चिम-सौख्य | नैऋत्य-स्वामीभार |

अर्थात् वास्तु भूमि के ईशान-पूर्व-पश्चिम तथा उत्तरभाग में कूप खनन निर्माण शुभ फल सचारक होता है।

▲ **विशेष** - यदि कूप या अन्य जलाशय पहले से ही बना हो तो उस कूप-जलाशय भाग से प्रतिकूल वायव्य-उत्तर-ईशान-आग्नेय भागों में गृह निर्माण शुभ फलदायक नहीं।

### कूपजलाशयाऽरंभे - नक्षत्रशुद्धिस्पष्टता

सूर्यनक्षत्र चार से इष्टदिन नक्षत्र गणना ३ संख्या शुभ तथा अग्रिम ३ अशुभ एवं क्रमशः ३ शुभ, ३ अशुभ, ३ शुभ, ३ अशुभ तथा ३ क्रमशः शुभ, ३ अशुभ तथा ३ शुभ अग्रिम गणना करते प्रतिफल समझना योग्य

### वास्तु राजवल्लभे-देवस्थापनायां मुखदिशाज्ञान

**ब्रह्माविष्णुशिवेन्द्रभास्करगुहा पूर्वापरस्या शुभाः । प्रोक्तौ सर्वदिशामुखौ शिवजिनौ विष्णुर्विधाता तथा। चामुण्डाग्रहमातरौ धनपतिर्द्वौ भ्रातरौ भैरवो । देवोदक्षिण दिङ्मुखः कपिवरो नैऋत्यवक्रो भवेत् ।।** भावार्थ - ब्रह्मा, विष्णु, शिव, इन्द्र, सूर्य, कार्तिकेय की प्रतिष्ठा में पूर्व या पश्चिम दिशा में मुख। शिव, जिन, विष्णु, ब्रह्मा का सभी दिशाओं में मुख। चामुण्डा (देवी) गृह, मातृका, शीतला-भैरव आदि का दक्षिण दिशा में और श्री हनुमानजी को नैऋत्यकोण मुख करके स्थापना करना चाहिए।

♠ **शिववास तिथि संरचना** - **तिथिं च द्विगुणीं कृत्य बाणैः संयोजयेत्ततः । सप्तिश्च हरेद्भागं शिववासं समुद्दिशेत् ।। एकेनवासः कैलाशे द्वितीये गौरी संनिधौ तृतीये वृषभारूढः संभायां च चतुष्टये । पंचकेभोजने चैव, क्रीड़ायांषष्मिते तथा ।। श्मशाने सप्तशेषे च शिववासः इतीरितः । कैलाशेलभते सौख्यं गौर्यां च सुखसम्पदः । वृषभेऽभीष्ट सिद्धिः स्यात् सभा सन्तापकारिणी ।। भोजने च भवेत् पीड़ा क्रीड़ायां कष्टमेव च : शम्शाने मरणज्ञेयं फलमैव विचारयेत् ।।** भावार्थ इष्ट तिथि को २ से गुणा कर ५ और मिलावें ७ के भाग से जो शेष रहे, फल उपर्युक्त स्पष्ट ही है।

♠ **स्पष्टार्थे** - शिववास शुभतिथिचक्र - **शुक्लपक्षे** २-५-६-९-१२-१३ तथा **कृष्ण पक्षे** - १-४-५-८-११-१२-३० शुभ मान्य।

♣ **प्रतिकूल दोषाऽभावः सूत्रम् दुर्भिक्षे राष्ट्रभंगे च पित्रोर्वाप्राणसंशये । प्रोढायामपि कन्यायां प्रतिकूलं न दूष्यति ।।** तथा च ऋषिमेधा वचन - **दीर्घरोगाभिभूतस्य दूदेशास्थितस्य च। उदासवर्तिनश्चैव प्रतिकूलं न विद्यते ।।** भावार्थ यह कि - दुर्भिक्ष, राष्ट्रसंकट या माता-पिता के मरण संदेह तथा कन्या प्रौढा हो तो प्रतिकूलता का दोष नहीं तथा अधिक काल तक रोग से पीड़ित या दूर देश स्थित या उदासी गति-मति के कारण होने पर प्रतिकूलता का दोष नहीं। ♠♣♠

## जन्म नक्षत्रानुसार - राशि - राशि स्वामी - वर्णवश्यादि - योनीगणनाड़ी - युंजा - हंसक - विविध विबोधक सूत्र

| नक्षत्र | चरणाक्षर | राशि | स्वामी | वर्ण | वश्य | योनि | गण | नाड़ी | युंजा | हंसक तत्व | नक्षत्र पति | पु.स्त्री | सू.चं. | मण्डल | नक्षत्र संज्ञा | सप्तनाड़ी | लोचन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अश्विनी<br>भरणी<br>कृतिका | चू चे चो ला<br>ली लू ले लो<br>अ ० ० ० | मेष | मंगल | क्षत्रिय | चतुष्पद | अश्व<br>गज<br>मेष | देव<br>नर<br>राक्षस | आदि<br>मध्य<br>अन्त्य | पूर्व<br>पूर्व<br>पूर्व | अग्नि | अश्विनीकुमार<br>यमराज<br>अग्नि | पुरूष<br>पुरूष<br>पुरूष | चन्द्र<br>चन्द्र<br>चन्द्र | वायु<br>अग्नि<br>अग्नि | क्षिप्र लघु<br>उग्र क्रूर<br>मिश्र साधा | वायु<br>चण्डा<br>चण्डा | मन्द<br>मध्य<br>सुलोचन |
| कृतिका<br>रोहिणी<br>मृगशिरा | ० इ उ ए<br>ओ वा वी वु<br>वे वो ० ० | वृषभ | शुक्र | वैश्य | चतुष्पद | मेष<br>सर्प<br>सर्प | राक्षस<br>नर<br>देव | अन्त्य<br>अन्त्य<br>मध्य | पूर्व<br>पूर्व<br>पूर्व | भूमि | अग्नि<br>ब्रह्मा<br>चन्द्रमा | पुरूष<br>पुरूष<br>पुरूष | चन्द्र<br>सूर्य<br>सूर्य | अग्नि<br>महेन्द्र<br>वायु | मिश्र साधा<br>ध्रूव स्थिर<br>मृदु मैत्र | चण्डा<br>वायु<br>दहना | सुलोचन<br>अन्ध<br>मन्द |
| मृगशिरा<br>आर्द्रा<br>पुनर्वसु | ० ० क की<br>कु घ ङ छ<br>के को ह ० | मिथुन | बुध | शूद्र | द्विपद<br>नर | सर्प<br>श्वान<br>मार्जा | देव<br>नर<br>देव | मध्य<br>आदि<br>आदि | पूर्व<br>मध्य<br>मध्य | वायु | चन्द्रमा<br>रूद्र शिव<br>अदिति | पुरूष<br>स्त्री<br>स्त्री | सूर्य<br>चन्द्र<br>चन्द्र | वायु<br>वरूण<br>वायु | मृदु मैत्र<br>तीक्ष्ण दारू<br>चर चल | दहना<br>सौम्य<br>नीर | मन्द<br>मध्य<br>सुलोचन |
| पुनर्वसु<br>पुष्य<br>आश्लेषा | ० ० ० ही<br>हु हे हो डा<br>डी डू डे डो | कर्क | चन्द्र | विप्र | जलचर | मार्जा<br>मेष<br>मार्जा | देव<br>देव<br>राक्षस | आदि<br>मध्य<br>अन्त्य | मध्य<br>मध्य<br>मध्य | जल | अदिति<br>बृहस्पति<br>सर्पदेव | स्त्री<br>स्त्री<br>स्त्री | चन्द्र<br>चन्द्र<br>चन्द्र | वायु<br>अग्नि<br>वरूण | चर चल<br>क्षिप्र लघु<br>तीक्ष्ण दारू | नीर<br>जल<br>अमृता | सुलोचन<br>अन्ध<br>मन्द |
| मघा<br>पूर्वाफाल्गुनी<br>उत्तराफाल्गुनी | मा मी मू मे<br>मो टा टी टू<br>टे ० ० ० | सिंह | सूर्य | क्षत्रिय | वनचर<br>चतुष्पद | मूषक<br>मूषक<br>गौ | राक्षस<br>नर<br>नर | अन्त्य<br>मध्य<br>आदि | मध्य<br>मध्य<br>मध्य | अग्नि | पितर<br>भग-सूर्य<br>अर्यमा-सूर्य | स्त्री<br>स्त्री<br>स्त्री | चन्द्र<br>सूर्य<br>सूर्य | अग्नि<br>अग्नि<br>वायु | उग्र क्रूर<br>उग्र क्रूर<br>ध्रूव स्थिर | अमृता<br>जल<br>नीर | मध्य<br>सुलोचन<br>अन्ध |
| उत्तराफाल्गुनी<br>हस्त<br>चित्रा | ० टो प पी<br>पू ष ण ठ<br>पे पो ० ० | कन्या | बुध | वैश्य | द्विपद<br>नर | गौ<br>महिष<br>व्याघ्र | नर<br>देव<br>राक्षस | आदि<br>आदि<br>मध्य | मध्य<br>मध्य<br>मध्य | भूमि | अर्यमा-सूर्य<br>सूर्यदेव<br>विश्वकर्मा | स्त्री<br>स्त्री<br>स्त्री | सूर्य<br>सूर्य<br>सूर्य | वायु<br>वायु<br>वायु | ध्रूव स्थिर<br>क्षिप्र लघु<br>मृदु मैत्र | नीर<br>सौम्य<br>दहना | अन्ध<br>मन्द<br>मध्य |
| चित्रा<br>स्वाति<br>विशाखा | ० ० रा री<br>रू रे रो ता<br>ती तू ते ० | तुला | शुक्र | शूद्र | द्विपद<br>नर | व्याघ्र<br>महिष<br>व्याघ्र | राक्षस<br>देव<br>राक्षस | मध्य<br>अन्त्य<br>अन्त्य | मध्य<br>मध्य<br>मध्य | वायु | विश्वकर्मा<br>वायुदेव<br>इन्द्र अग्नि | स्त्री<br>स्त्री<br>नपुंसक | सूर्य<br>सूर्य<br>सूर्य | वायु<br>वायु<br>अग्नि | मृदु मैत्र<br>चर चल<br>मिश्र साधा | दहना<br>वायु<br>चण्डा | मध्य<br>सुलोचन<br>मध्य |
| विशाखा<br>अनुराधा<br>ज्येष्ठा | ० ० ० तो<br>ना नी नू ने<br>नो या यी यू | वृश्चिक | मंगल | विप्र | कीट | व्याघ्र<br>मृग<br>मृग | राक्षस<br>देव<br>राक्षस | अन्त्य<br>मध्य<br>आदि | मध्य<br>मध्य<br>अन्त्य | जल | इन्द्र अग्नि<br>मित्र सूर्य<br>इन्द्र | नपुंसक<br>नपुंसक<br>नपुंसक | सूर्य<br>सूर्य<br>सूर्य | अग्नि<br>महेन्द्र<br>महेन्द्र | मिश्र साधा<br>मृदु मैत्र<br>तीक्ष्ण दारू | चण्डा<br>चण्डा<br>वायु | अन्ध<br>मन्द<br>मध्य |
| मूल<br>पूर्वाषाढ<br>उत्तराषाढ | ये यो भ भी<br>भू ध फ ढ<br>भे ० ० ० | धनु | गुरू | क्षत्रिय | द्विपद<br>नर | श्वान<br>वानर<br>नकुल | राक्षस<br>नर<br>नर | आदि<br>मध्य<br>अन्त्य | अन्त्य<br>अन्त्य<br>अन्त्य | अग्नि | राक्षस<br>जल<br>विश्वदेव | पुरूष<br>पुरूष<br>पुरूष | सूर्य<br>चन्द्र<br>चन्द्र | वरूण<br>वरूण<br>महेन्द्र | तीक्ष दारू<br>उग्र क्रूर<br>ध्रुव स्थिर | दहना<br>सौम्य<br>नीर | सुलोचन<br>अन्ध<br>मन्द |
| उत्तराषाढ<br>श्रवण<br>धनिष्ठा | ० भो ज जी<br>खी खू खे खो<br>गा गी ० ० | मकर | शनि | वैश्य | जलचर | नकुल<br>वानर<br>सिंह | नर<br>देव<br>राक्षस | अन्त्य<br>अन्त्य<br>मध्य | अन्त्य<br>अन्त्य<br>अन्त्य | भूमि | विश्वदेव<br>विष्णु<br>अष्टवसु | पुरूष<br>पुरूष<br>पुरूष | चन्द्र<br>चन्द्र<br>चन्द्र | महेन्द्र<br>महेन्द्र<br>महेन्द्र | ध्रुव स्थिर<br>चर चल<br>चर चल | नीर<br>अमृता<br>अमृता | मन्द<br>सुलोचन<br>अन्ध |
| धनिष्ठा<br>शतभिषा<br>पूर्वाभाद्रपद | ० ० गू गे<br>गो सा सी सू<br>से सो द ० | कुंभ | शनि | शूद्र | द्विपद<br>नर | सिंह<br>अश्व<br>सिंह | राक्षस<br>राक्षस<br>नर | मध्य<br>आदि<br>आदि | अन्त्य<br>अन्त्य<br>अन्त्य | वायु | अष्टवसु<br>वरूण<br>अजपाद-सूर्य | पुरूष<br>पुरूष<br>पुरूष | चन्द्र<br>सूर्य<br>सूर्य | महेन्द्र<br>वरूण<br>अग्नि | चर चल<br>चर चल<br>उग्र क्रूर | अमृता<br>जल<br>नीर | अन्ध<br>मन्द<br>मध्य |
| पूर्वाभाद्रपद<br>उत्तराभाद्रपद<br>रेवती | ० ० ० दी<br>दू थ झ ञ<br>दे दो चा ची | मीन | गुरू | विप्र | जलचर | सिंह<br>गौ<br>गज | नर<br>नर<br>देव | आदि<br>मध्य<br>अन्त्य | अन्त्य<br>अन्त्य<br>पूर्व | जल | अजपाद-सूर्य<br>अहिर्बुध्न्य-सूर्य<br>पूषण-सूर्य | पुरूष<br>पुरूष<br>पुरूष | सूर्य<br>चन्द्र<br>चन्द्र | अग्नि<br>वरूण<br>वरूण | उग्र क्रूर<br>ध्रुव स्थिर<br>मृदु मैत्र | नीर<br>सौम्य<br>दहना | मध्य<br>सुलोचन<br>अन्ध |

## स्थूलमानेन मानव आयुर्दाय ज्ञानाय चक्रम्

| दीर्घायुः | मध्यायुः | अल्पायुः |
|---|---|---|
| लग्नेश चर राशि<br>अष्टमेश चर राशि | लग्नेश चर राशि<br>अष्टमेश स्थिर राशि | लग्नेश चर राशि<br>अष्टमेश द्विस्वभाव राशि |
| लग्नेश स्थिर राशि<br>अष्टमेश द्विस्वभाव राशि | लग्नेश स्थिर राशि<br>अष्टमेश चर राशि | लग्नेश स्थिर राशि<br>अष्टमेश स्थिर राशि |
| लग्नेश द्विस्वभाव राशि<br>अष्टमेश स्थिर राशि | लग्नेश द्विस्वभाव राशि<br>अष्टमेश द्विस्वभाव राशि | लग्नेश द्विस्वभाव राशि<br>अष्टमेश चर राशि |

चर राशि - मेष, कर्क, तुला, मकर।
स्थिर राशि - वृष, सिंह, वृश्चिक, कुंभ।
द्विस्वभाव राशि - मिथुन, कन्या, धनु, मीन।

महर्षि जैमिनी रचित शास्त्र वचनानुसार आयुर्दाय वय-उम्र के ३ भेद होते हैं। यथा - १ दीर्घायु २ मध्यायु ३ अल्पायु प्रत्येक खण्ड का निर्णय-विचार भी तीन ३ प्रकार से पृथक-पृथक किया जाता है। १ लग्नेश तथा अष्टमेश २ शनि तथा चन्द्रमा ३ लग्न तथा होरा लग्न। उपर्युक्त आयु कोष्ठक रचना अनुसार - जन्माक्षर स्थित ग्रह राशि स्थिति अनुसार सामान्य गतिक विचार किया जाता है। प्रत्येक प्रकार के दो-दो अधिनायकों में दोनों चर राशि में हो या कोई एक द्विस्वभाव राशि में तथा दूसरा स्थिर राशि में हो जातक दीर्घायु तथा दोनों द्विस्वभाव राशि में हो अथवा कोई एक चर राशि में दूसरा स्थिर राशि में हो तो मध्यायु। एवमेव यदि दोनों स्थिर राशि में हों अथवा एक चर राशि में, दूसरा द्विस्वभाव राशि में हो जातक अल्पायु इस प्रकार के आयु निर्णय हेतु सामान्य दिशा निर्देशक सूत्र हैं।

### ८४ चौरासी लाख योनि का गणनानुक्रम

| | | |
|---|---|---|
| जलज जन्तु | ९००००० | सप्त समुद्र |
| स्थावर जन्तु | २०००००० | १ लवण मय सिन्धु |
| कृमि (कीट पतंग) | ११००००० | २ क्षीर सिन्धु |
| पक्षिगण वर्ग | १०००००० | ३ दधि सिन्धु |
| पशु योनि वर्ग | ३०००००० | ४ घृत सिन्धु |
| मानव वर्ग योनि | ४००००० | ५ इक्षुरसमय सिन्धु |
| एवं गणनानुक्रमे | ८४००००० | ६ मधुमय सिन्धु |
| | | ७ अमृत मय सिन्धु |

सप्तपाताल - १ तल २ अतल ३ सुतल ४ वितल ५ तलातल ६ रसातल ७ पाताल सप्त द्वीप - १ जम्बु २ प्लक्ष ३ शाल्मलि ४ कुश ५ क्रौंच ६ शाक ७ पुष्कर जम्बूद्वीप नवखण्ड - १ इलावृत २ भद्राश्व ३ हरिवर्ष ४ केतुमाल ५ रम्यक ६ हिरण्यमय ७ कुरू ८ किंपुरूष ९ भारतवर्ष।

भवानीशंकरः शर्मा यस्याऽभूत प्राक् प्रवर्त्तकः। पंचाङ्ग तदिदं ग्राह्यं निर्णयसागराभिधम् ॥ पंचाङ्ग तदिदं शुद्धं रविशंकर निर्मितम्। शुभयाऽस्तु सदानृणां निर्णयसागरसंज्ञकम् ॥

| सूर्य नक्षत्र | ⬇ दैनिक चन्द्रनक्षत्र गणनाक्रम ⬇ ● रवियोग कोष्ट रचना ● | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अश्विनी | रोहिणी | आर्द्रा | आश्लेषा | मघा | हस्त | पूर्वा षा. |
| भरणी | मृगशिरा | पुनर्वसु | मघा | पूर्वा.फा. | चित्रा | उत्त.षा. |
| कृतिका | आर्द्रा | पुष्य | पूर्वा.फा. | उत्त.फा. | स्वाति | श्रवण |
| रोहिणी | पुनर्वसु | आश्लेषा | उत्त.फा. | हस्त | विशाखा | घनिष्ठा |
| मृगशिरा | पुष्य | मघा | हस्त | चित्रा | अनुराधा | शतभिषा |
| आर्द्रा | आश्लेषा | पूर्वा.फा. | चित्रा | स्वाति | ज्येष्ठा | पूर्वा.भा. |
| पुनर्वसु | मघा | उत्त.फा. | स्वाति | विशाखा | मूल | उत्त.भा. |
| पुष्य | पूर्वा.फा. | हस्त | विशाखा | अनुराधा | पूर्वा षा. | रेवती |
| आश्लेषा | उत्त.फा. | चित्रा | अनुराधा | ज्येष्ठा | उत्त.षा. | अश्विनी |
| मघा | हस्त | स्वाति | ज्येष्ठा | मूल | श्रवण | भरणी |
| पूर्वा.फा. | चित्रा | विशाखा | मूल | पूर्वा षा. | घनिष्ठा | कृतिका |
| उत्त.फा. | स्वाति | अनुराधा | पूर्वा षा. | उत्त.षा. | शतभिषा | रोहिणी |
| हस्त | विशाखा | ज्येष्ठा | उत्त.षा. | श्रवण | पूर्वा.भा. | मृगशिरा |
| चित्रा | अनुराधा | मूल | श्रवण | घनिष्ठा | उत्त.भा. | आर्द्रा |
| स्वाति | ज्येष्ठा | पूर्वा षा. | घनिष्ठा | शतभिषा | रेवती | पुनर्वसु |
| विशाखा | मूल | उत्त.षा. | शतभिषा | पूर्वा.भा. | अश्विनी | पुष्य |
| अनुराधा | पूर्वा षा. | श्रवण | पूर्वा.भा. | उत्त.भा. | भरणी | आश्लेषा |
| ज्येष्ठा | उत्त.षा. | घनिष्ठा | उत्त.भा. | रेवती | कृतिका | मघा |
| मूल | श्रवण | शतभिषा | रेवती | अश्विनी | रोहिणी | पूर्वा.फा. |
| पूर्वा षा. | घनिष्ठा | पूर्वा.भा. | अश्विनी | भरणी | मृगशिरा | उत्त.फा. |
| उत्त.षा. | शतभिषा | उत्त.भा. | भरणी | कृतिका | आर्द्रा | हस्त |
| श्रवण | पूर्वा.भा. | रेवती | कृतिका | रोहिणी | पुनर्वसु | चित्रा |
| घनिष्ठा | उत्त.भा. | अश्विनी | रोहिणी | मृगशिरा | पुष्य | स्वाति |
| शतभिषा | रेवती | भरणी | मृगशिरा | आर्द्रा | आश्लेषा | विशाखा |
| पूर्वा.भा. | अश्विनी | कृतिका | आर्द्रा | पुनर्वसु | मघा | अनुराधा |
| उत्त.भा. | भरणी | रोहिणी | पुनर्वसु | पुष्य | पूर्वा.फा. | ज्येष्ठा |
| रेवती | कृतिका | मृगशिरा | पुष्य | आश्लेषा | उत्त.फा. | मूल |

## ❊ दोषसंघ विनाशक-मुहूर्त्तशुद्धिप्रदायक ❊
## ❀ नाक्षत्रिक-रवियोग ❀

इस प्रस्तुत कोष्ठ रचना में सुलभतया रवि योग नक्षत्र वेला मुहूर्त्त का परिज्ञान कराया गया है। सूर्यचन्द्र जनितनक्षत्र दिवस विशेष को शास्त्रकारों ने सर्वोत्तम कालांश मान्य किया है। कोष्ठ में गहरे शब्दों में सूर्य नक्षत्र तथा श्वेत शब्दों में दैनिक चन्द्र नक्षत्र हैं। यथा-अश्विनी 'अश्विन्यांरविचार:' है, तो क्रमश: यदि दैनिक नक्षत्र रोहिणी-आर्द्रा-आश्लेषा-मघा-हस्त-पूर्वाषाढ नक्षत्र होने पर रवियोग दिवस मान्य होगा **सूर्यभात्चन्द्रर्क्षे रवियोगा: स्युर्दोषसंघविनाशका:** मुहूर्त्त चिन्तामणिकार का स्पष्ट अभिमत है, जो कि मुहूर्त्त वेलाशोधन निर्णय हित अत्युपयोगी है।

## ✦ सर्वार्थसिद्धियोग ✦

**रविवार** - अश्विनी, पुष्य ३ तीनों उत्तरा, हस्त, मूल। **सोमवार** - रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, अनुराधा, श्रवण। **मंगलवार** - अश्विनी, कृतिका, आश्लेषा, उत्तरा भाद्रपद। **बुधवार** - कृतिका, रोहिणी, मृगशिरा, हस्त, अनुराधा। **गुरूवार** - अश्विनी, पुनर्वसु, पुष्य, अनुराधा, रेवती। **शुक्रवार** - अश्विनी, पुनर्वसु, अनुराधा, श्रवण, रेवती। **शनिवार** - रोहिणी, स्वाति, श्रवण।

## * अमृतसिद्धियोग *

**रविवार** - हस्त। **सोमवार** - मृगशिरा। **मंगलवार** - अश्विनी। **बुधवार** - अनुराधा। **गुरूवार** - पुष्य। **शुक्रवार** - रेवती। **शनिवार** - रोहिणी। **परिज्ञान सूत्र** - वारों के आगे जो नक्षत्र हैं पंचांग में ये प्रतीत होने पर उपर्युक्त योग चरितार्थ होगा। **यथा** - रविवार को अश्विनी होने पर सर्वार्थसिद्धि तथा हस्तनक्षत्र होने पर अमृतसिद्धियोग बनेगा परन्तु मंगल-अश्विनी गृहप्रवेश में। शनि-रोहिणी महायात्रा में तथा गुरू-पुष्य विवाह में मान्य नहीं।

## ❁ दिन-रात्रि व्यवस्थासूत्र ❁

**प्रात: संध्याकाल** - अर्ध सूर्यबिम्ब सूर्योदय से ३ घटी तक। **सायं संध्याकाल** - सूर्यास्त से ३ घटी तक। **प्रदोषवेला अर्धबिम्ब** - सूर्यास्त से लेकर ६ घटी तक। **महानिशा वा निशीथ** - अर्द्ध रात्रि के मध्य की २ घटी। **ब्रह्ममुहूर्त्त उष:काल** - सूर्योदय से ५ घटी पहले। **अरूणोदय वेला** - सूर्योदय से ३ घटी पहले।

## ❀ दिनमान का विभाजन ❀

१ मुहूर्त्त का प्रमाण अनुपातिक २ घटी अथवा ४८ मिनिट का होता है। सूर्योदय से ६ घटी तक **प्रात:काल**। १२ घटी तक संगवकाल या **पूर्वाह्नकाल**। १८ घटी तक **मध्याह्नकाल**। २४ घटी तक **अपराह्न काल**। ३० घटी तक **सायंकाल**। इस प्रकार दिनमान में ५ का भाग देकर इष्टदिन के दिनमान घटीपल प्रमाण अनुसार अनुपातिक गणना से भी समझें। १ नाड़ी प्रमाण अर्थात् १ घटी मानक मान्य होता है।

## ★ आनन्दादि योगों के जानने का कोष्ठ ★

| सं. | आनंदादय: यो. | रवि | चन्द्र | मंगल | बुध | गुरू | शुक्र | शनि | फलम् |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | आनन्द | अश्वि | मृग. | श्लेषा | हस्त | अनुरा. | उ.षा. | शत. | शुभ |
| २ | कालदं. | भरणी | आर्द्रा | मघा | चित्रा | ज्येष्ठा | अभि | पू.भा. | अशुभ |
| ३ | धूम्र | कृति. | पुनर्वसु | पू.फा. | स्वाति | मूल | श्रवण | उ.भा. | अशुभ |
| ४ | धाता | रोहिणी | पुष्य | उ.फा. | विशा. | पू.षा. | घ. | रेवती | शुभ |
| ५ | सौम्य | मृग | श्लेषा | हस्त | अनु. | उ.षा. | शत | अश्वि | शुभ |
| ६ | ध्वांक्ष | आर्द्रा | मघा | चित्रा | ज्येष्ठा | अभि. | पू.भा. | भरणी | अशुभ |
| ७ | केतु | पुनर्वसु | पूर्वाफा. | स्वाति | मूल | श्रवण | उ.भा. | कृति. | शुभ |
| ८ | श्रीवत्स | पुष्य | उ.फा. | विशा | पू.षा. | घनिष्ठा | रेवती | रोहिणी | शुभ |
| ९ | वज्र | श्लेषा | हस्त | अनु. | उ.षा. | शत. | अश्वि. | मृग | अशुभ |
| १० | मुद्गर | मघा | चित्रा | ज्येष्ठा | अभि. | पू.भा. | भरणी | आर्द्रा | अशुभ |
| ११ | छत्र | पूर्वाफा | स्वाति | मूल | श्रवण | उ.भा. | कृति. | पुन. | शुभ |
| १२ | मित्र | उ.फा. | विशा | पू.षा. | घनिष्ठा | रेवती | रोहिणी | पुष्य | शुभ |
| १३ | मानस | हस्त | अनुरा. | उ.षा. | शत. | अश्वि. | मृग | श्लेषा | शुभ |
| १४ | पद्म | चित्रा | ज्येष्ठा | अभि. | पू.भा. | भरणी | आर्द्रा | मघा | शुभ |
| १५ | लुम्बक | स्वाति | मूल | श्रवण | उ.भा. | कृति. | पुन. | पू.फा. | अशुभ |
| १६ | उत्पात | विशा. | पू.षा. | घनिष्ठा | रेवती | रोहिणी | पुष्य | उ.फा. | अशुभ |
| १७ | मृत्यु | अनु. | उ.षा. | शतभि | अश्वि. | मृग | श्लेषा | हस्त | अशुभ |
| १८ | काण | ज्येष्ठा | अभि. | पू.भा. | भरणी | आर्द्रा | मघा | चित्रा | अशुभ |
| १९ | सिद्धि | मूल | श्रवण | उ.भा. | कृति. | पुन. | पू.फा. | स्वाति | शुभ |
| २० | शुभ | पूर्वा.षा. | घनिष्ठा | रेवती | रोहिणी | पुष्य | उ.फा. | विशा. | शुभ |
| २१ | अमृत | उ.षा. | शतभि | अश्वि. | मृग. | श्लेषा | हस्त | अनु. | शुभ |
| २२ | मुसल | अभि. | पू.भा. | भरणी | आर्द्रा | मघा | चित्रा | ज्येष्ठा | अशुभ |
| २३ | गद | श्रवण | उ.भा. | कृति. | पुन. | पू.फा. | स्वाति | मूल | अशुभ |
| २४ | मातंग | घनिष्ठा | रेवती | रोहिणी | पुष्य | उ.फा. | विशा. | पू.षा. | शुभ |
| २५ | राक्षस | शत. | अश्वि | मृग | श्लेषा | हस्त | अनु. | उ.षा. | अशुभ |
| २६ | चर | पू.भा. | भरणी | आर्द्रा | मघा | चित्रा | ज्येष्ठा | अभि. | शुभ |
| २७ | सुस्थिर | उ.भा. | कृतिका | पुनर्व. | पू.फा. | स्वाति | मूल | श्रवण | शुभ |
| २८ | प्रवर्ध | रेवती | रोहिणी | पुष्य | उ.फा. | विशा. | पू.षा. | घनि. | शुभ |

## नवीन वर्ष प्रवेश सारिणी सौर आर्षमान-पूर्वानुगतम्

| गताब्द | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | २० | ३० | ४० | ५० | ६० | ७० | ८० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वार | ०१ | ०२ | ०३ | ०५ | ०६ | ०० | ०१ | ०३ | ०४ | ०५ | ०४ | ०२ | ०१ | ०६ | ०५ | ०४ | ०२ |
| घटी | १५ | ३१ | ४६ | ०२ | १७ | ३३ | ४८ | ०४ | १९ | ३५ | १० | ४५ | २१ | ५६ | ३१ | ०६ | ४२ |
| पल | ३१ | ०३ | ३४ | ०६ | ३७ | ०९ | ४० | १२ | ४३ | १५ | ३० | ४५ | ०० | १५ | ३० | ४५ | ०० |
| विपल | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ०० | ०० | ०० | ०० | ०० | ०० | ०० |

## अभिनव वर्ष प्रवेश सारिणी वैधसिद्ध-वर्षमानानुगतम्

| गताब्द | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | २० | ३० | ४० | ५० | ६० | ७० | ८० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वार | ०१ | ०२ | ०३ | ०५ | ०६ | ०० | ०१ | ०३ | ०४ | ०५ | ०४ | ०२ | ०१ | ०६ | ०५ | ०३ | ०२ |
| घटी | १५ | ३० | ४६ | ०१ | १६ | ३२ | ४७ | ०३ | १८ | ३३ | ०७ | ४१ | १५ | ४९ | २२ | ५६ | ३० |
| पल | २२ | ४५ | ०८ | ३१ | ५४ | १७ | ४० | ०३ | २६ | ४९ | ३९ | २८ | १८ | ०७ | ५७ | ४६ | ३६ |
| विपल | ५७ | ५४ | ५१ | ४८ | ४५ | ४२ | ३९ | ३६ | ३३ | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० | ३० | ०० |

✦ **नवीन वर्ष साधना** - सम्प्रति नवीन वर्ष गणना हेतु भारतीय दैवज्ञों द्वारा दो प्रकार के वर्षमान से वर्षफल साधना की जा रही है। हमारे पास बहुधा पत्र आते रहते हैं कि दोनों प्रकार के वर्षमान कोष्ठ की रचना प्रकाशित की जावे। तदर्थ आर्ष परम्परानुगत ३६५।१५।३१।३० वर्षमान तथा नवीन वेधसिद्ध वर्षमान ३६५।१५।२२।५७ नियामक से दोनों कोष्ठ रचना प्रस्तुत है। गणितज्ञजन निज-निज सुविधा एवं अनुभव से प्रयोग में लेवें। दक्षिण भारत-कर्नाटक-केरल-मद्रास-महाराष्ट्र-गुजरात-आंध्रप्रदेश आदि में प्राय: नवीन वर्ष मानानुगत गणना मान्य है तो मध्यभारत में उत्तरोत्तर संभागों में उभयविध वर्ष मानानुगत गणना चरितार्थ है। ✦ **नवीन वर्ष प्रवेश पद्धति** - गताब्द गत वर्षों के वार घटि पल विपल में अपने जन्मकालिक वार तथा इष्ट घटी पल जोडने से नवीन वर्ष के वार एवं वर्ष कालिक, इष्ट घटि पल प्राप्त होंगे। कोष्ठ रचना में एक वर्ष से दस वर्ष तक तथा बाद में १०-१० वर्षान्तर में ध्रुवांक दिये हैं। यथा १६ वां वर्ष प्रवेश लाना है तो ५ तथा १० के गताब्द वार घटी पल विपल जोड़ने से १५ वें वर्ष के गताब्द वारादि प्राप्त होंगे। एवमेव २७ वां वर्ष प्रवेश लाना है तो ६ तथा २० गताब्द ध्रुवांक के योग से २७ वें वर्ष हेतु गताब्द वारादि बनेंगे एवं योग क्रिया करते किसी भी वर्ष के गताब्द वर्ष इष्ट काल वारादि प्राप्त होंगे। ✦ **गताब्द ज्ञान विधि** - जन्मसंवत् को वर्तमान संवत में घटाने में गताब्द (विगत वर्ष) प्राप्त होंगे। ✦ **वर्ष मूँथा स्थान** - जन्म लग्न भाव को प्रथम वर्ष मानते क्रमश: १-१ वर्ष वृद्धि हेतु लग्न से गणना करते रहें, जिस लग्नादि भाव स्थान पर इष्ट वर्ष की गणना पूर्ण होवे, उसी भाव की राशि में वर्ष लग्न, कुण्डली में मुँथा का स्थान न्यास होगा। विशेष वर्ष गणित विषयक विविध ज्ञान हेतु वर्षपत्र निर्माणोपयुक्त हिन्दी भाषा में वर्षफल सहित वर्ष फल कैसे मू. ४०) रू. तथा ताजिक नीलकण्ठी मू. ७०) रू. मनीआर्डर भेजकर मंगा लेवें।

### ● किसी देश के अक्षांश द्वारा इष्ट देश की पलभा ज्ञान हेतु सुगम विधि नियामक ●

जिस स्थान की पलभा बनानी हो वहां का अक्षांश जानकर उपरोक्त चक्र से इष्ट देश अक्षांश तथा उससे अगले अक्षांश की पलभाओं को घटा लेवें, शेष में इष्ट अक्षांश कला से गुणा करें, तथा गुणनफल में ६०.का भाग देने पर अंगुलात्मिका पलभा सिद्ध होगी। **यथा उदाहरण** - मद्रास की पलभा जाननी है तो वहां का अक्षांश १३।४ स्पष्ट है। अब पलभा चक्र से १३ और १४ अंश की पलभा लेने से २।४६।४१ तथा २।५९।२८ प्राप्त हुईं, इनका ऋणफल अन्तरांश ०।१२।४७ हुआ। इसमें इष्ट देश के अंश उपरान्त शेष कला ४ से गुणा किया तथा गुणनफल में ६० का भाग दिया लब्धि ०।०।५१ प्राप्त। इसको प्रथम पलभा २।४६।४१ में यथा स्थान जोड़ने से २।४७।३२ तथा **'अर्धाधिकं रूपं स्यात्'** नियम से २ अंगुल ४८ व्यंगुल पलभा सिद्ध हुई। इसी पलभा को अक्षभा या विषुवती भी कहते हैं। पलभा से चर खंड तथा चरखंड से स्वदेशीय उदयमान प्राप्त होता है। ❀ **निरक्षोदय या लंकोदयमान - लंकोदया विघटिका गजमानिगोन्कदस्रा, त्रिपक्ष दहना** - इस प्रमाण से ● २७८ पल मेष ● २९९ वृष ● ३२३ मिथुन ● ३२३ कर्क ● २९९ सिंह ● २७८ पल कन्या तथा तुला का लंकोदय मान एवं ● २९९ वृश्चिक ● ३२३ धनु ● ३२३ मकर ● २९९ कुंभ तथा ● २७८ पल मीन आदि सभी राशि का स्थिर उदयमान होता है। ❀ **इष्ट स्थानीय चरखंड साधन** - इष्ट स्थानीय पलभा को ३ जगह रखें उनमें क्रमशः १० तथा ८ और १०/३ से गुणा करने पर मेषादि ३ राशियों के क्रमशः ३ चर खण्ड होंगे तथा विपरीत उत्क्रम से कर्कादि ३ राशियों के होंगे। एवमेव मेषादि ६ राशियों के ही क्रमशः मीन, कुंभ, मकर, धनु, वृश्चिक तथा तुला राशि के चर खण्ड होंगे। ❀ **स्वदेशी उदयमान विधि** - मेष के लंकोदय जो उपरोक्त स्पष्ट है, इनमें इष्ट स्थानीय प्रथम गुणित चरखंड घटाने से पलात्मक मेष का उदयमान आवेगा। द्वितीय गुणित चरखंड को वृष के लंकोदय में घटाने में वृष का, तृतीय गुणितफल को मिथुन लंकोदय मान से घटाया तो मिथुन को उदयमान आया। कर्कादि कन्या राशि तक इन ३ में उत्क्रम नियम से कर्क में तीसरा, सिंह में दूसरा, कन्या में पहला चरखंड जोड़ने से कर्क से कन्या पर्यन्त उदयमान होंगे एवं मेषादि ६ राशि के उदय ही क्रमशः मीन, कुंभ, मकर, धनु, वृश्चिक व तुला के मान्य होंगे।

## कस्यापिअक्षांशत: कस्यापि देशस्य पलभाबोधक चक्रम्

| अक्षांश | पलभा | अक्षांश | पलभा | अक्षांश | पलभा | अक्षांश | पलभा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ०१ | ०।१२।३४ | १५ | ३।१२।५४ | २९ | ६।३९।४ | ४३ | ११।११।२४ |
| ०२ | ०।२५।९ | १६ | ३।२६।२४ | ३० | ६।५५।४१ | ४४ | ११।३५।२४ |
| ०३ | ०।३७।४४ | १७ | ३।४०।५ | ३१ | ७।१२।३६ | ४५ | १२।०।० |
| ०४ | ०।५०।२१ | १८ | ३।५३।६ | ३२ | ७।२९।५३ | ४६ | १२।२५।३७ |
| ०५ | ०।१०।३।० | १९ | ४।७।५५ | ३३ | ७।४७।३१ | ४७ | १२।५२।४ |
| ०६ | १।१५।१४ | २० | ४।२२।१ | ३४ | ८।५।३८ | ४८ | १३।१९।३४ |
| ०७ | १।२८।२३ | २१ | ४।३६।२२ | ३५ | ८।२४।७ | ४९ | १३।४८।१८ |
| ०८ | १।४१।१० | २२ | ४।५०।५३ | ३६ | ८।४३।५ | ५० | १४।१८।३ |
| ०९ | १।५४।० | २३ | ५।५।३८ | ३७ | ९।२।२५ | ५१ | १४।४९।८ |
| १० | २।६।५४ | २४ | ५।२०।३१ | ३८ | ९।२२।३० | ५२ | १५।२१।३२ |
| ११ | २।१९।५५ | २५ | ५।३२।४२ | ३९ | ९।४३।१ | ५३ | १५।५५।३० |
| १२ | २।३३।० | २६ | ५।५१।७ | ४० | १०।३।३६ | ५४ | १६।३१।१ |
| १३ | २।४६।४१ | २७ | ६।६।५० | ४१ | १०।२८।४८ | ५५ | १७।८।३४ |
| १४ | २।५९।२८ | २८ | ६।२२।४८ | ४२ | १०।४८।१८ | | |

## ▲ स्वास्थ्य लक्षण सूत्र ▲

● **सुखसंज्ञकमारोग्यं विकारो दुःखमेव च** ● **समदोषः समाऽग्निश्च समधातुमलक्रियः। प्रसन्नात्मेन्द्रियमनाः स्वस्थ इत्यभिधीयते॥** सु.सू.अ.१५। जिस व्यक्ति के तीन दोष (वात-पित्त-कफ) समान अवस्था में रहें जठराग्नि क्षुधा तत्व भी सम हों, सातों धातु (रस-रक्त-मांस-मेद-अस्थि-मज्जा-शुक्र) सम हों, धातुओं के मलों की क्रिया (मल मूत्रादि का यथा समय-सामयिक उत्सर्जन) तथा आत्मा, पंच ज्ञानेन्द्रियाँ (कर्ण-त्वचा-नेत्र-रसना-नासिका) की कार्यक्षमता तथा मन प्रसन्न हो-वह व्यक्ति ही परिपूर्ण स्वस्थ है। **''विकारो धातु वैषम्यं साम्यं प्रकृतिरूच्यते''** तथा आरोग्य जीवन कौन प्राप्त कर पाता है - **नित्यं हिताहारविहारसेवी, समीक्ष्यकारी विषयेष्वसक्तः। दाता समः सत्यपरः क्षमावानाप्तोसेवी च भवत्यरोगः॥** सदैव हित आहार, हितविहार सेवन करने का स्वभाव वाला, सोचविचार कर क्रियाशील रहने वाला, बहु विषय-वासना से वंचित, त्यागी-दाता, सभी प्राणियों में तथा सभी अवस्था में समबुद्धि, सत्यनिष्ठा, सहिष्णु प्रकृति तथा विज्ञजनों का सत्संगशील मनुष्य निरोगी होता है। तभी शिष्टपुरूष हेतु नीतिवचन - **धर्मार्थकाममोक्षाणामारोग्यं मूलमुत्तमम्। रोगास्तस्यापहर्त्तारः श्रेयसो जीवितस्य च॥** धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष का सर्वोत्तम मूल आरोग्यता है, रोग विकार कल्याणकारक जीवन के अपहर्त्ता नाशक हैं।

Bhagwati Prasad Dadhich
Astrologer, Vedic Pandit

8586094945
8302680069

# Nirankar

## Astro & Vedic

Here we done all North Indian Pooja,
Manglik Work, Astrology, Karma
are Performed by Vedic Rituals

भारत में सर्वाधिक प्रामाणिक बिक्री वाले इस पञ्चाङ्ग को लेते समय ''निर्णयसागर पञ्चाङ्ग कार्यालय, नीमच'' नाम अवश्य देखें।

निर्णयसागर पञ्चाङ्ग कार्यालय, नीमच छावनी



















यह जोधपुरीय ♣ श्रीचण्डमार्त्तण्डनिर्णयसागरपञ्चाङ्ग ♣ नीमचनगरस्थ सुप्रसिद्ध ज्योतिर्विद पण्डित श्रीयुत भवानीशंकररविशंकरात्मज वैद्य श्री आनन्दस्वरूप शास्त्री द्वारा अभिनव सुसंस्कारित ग्रहगणितानुसार शुद्धकर, विविधशास्त्रीय विषयों से अलंकृत, धर्मकृत्योपयोगी सर्वजनहितार्थ स्व निर्णयसागरपञ्चाङ्ग कार्यालय, नीमच छावनी (म.प्र.) से प्रकाशित किया।

♠♠♠ इस पञ्चाङ्ग के पुनर्मुद्रणादिक सर्वाधिकार प्रकाशक के अधिनस्थ है। ♠♠♠



















Published, Printed & Prepared by Late Pt. Bhawani Shankar Ravishankar Sharma, Vaidya Anand Swaroop Shastri , Shobha Devi & Sons as
NIRNAY SAGAR PANCHANG KARYALAY, 503, Tilak Marg, Neemuch - 458441 (M.P.) Ph. : 9425974174, 07423-220520
Email us : nspkn1@gmail.com    Message us : 8964098640    Search us : "Nirnay Sagar Panchang Prakashan"